दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित




// महावीर ने महल का त्याग किया शांति की तलाश में, और आप शान्ति का त्याग कर रहे हैं महल की तलाश में। \\

सुबल वाणी



जिंदगी खुद की है तो उम्मीद भी खुद से ही रखिए।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, वीरवार, 12 जून, 2025 | अषाढ़ कृष्ण पक्ष: द्वितीया विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 161 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12




**केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला**

# कोडरमा-बरकाकाना, बेल्लारी-चिकजाजुर रेलमार्गों के दोहरीकरण को कैबिनेट की मंजूरी

- 318 किलोमीटर की रेलवे लाइन होगी डबल
- 6,405 करोड़ रुपये की आएगी लागत

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में वीरवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें अहम फैसला लिया गया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने झारखंड में कोडरमा-बरकाकाना और कर्नाटक में बेल्लारी-चिकजाजुर की करीब 318 किलोमीटर की रेलवे लाइनों के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये आएगी।

रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये रेल परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पहली परियोजना 133 किलोमीटर लंबी कोडरमा-बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण की है जो झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरती है। इसके अलावा, यह पटना और रांची के बीच सबसे छोटा और अधिक व्यावहारिक रेल संपर्क है।

उन्होंने कहा कि दूसरी परियोजना 185 किलोमीटर बेल्लारी-चिकजाजुर रेल लाइन के दोहरीकरण की है और यह लाइन कर्नाटक के बल्लारी और चित्रदुर्ग जिलों और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से होकर गुजरती है। इस परियोजना से बेल्लारी एवं सिकदंराबाद के खनिज एवं अन्य उत्पादों को मेंगलूर बंदरगाह तक की आसान पहुंच हासिल होगी। उन्होंने बताया कि चिकजाजुर और मेंगलूर से हसन एवं अर्सीकेरी के बीच दोहरीकरण का कार्य पहले से चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को कवर करेंगी और दोनों दोहरीकरण परियोजना लगभग 1408 गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाएगी जिनकी आबादी लगभग 28.19 लाख है।




**यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी**

वैष्णव ने कहा कि इन पहलों से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी, तेल आयात में कमी होगी और कार्बनडाइ आक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी। इससे टिकाऊ और कुशल रेल संचालन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोयला, लौह अयस्क, परिष्कृत इस्पात, सीमेंट, उर्वरक, कृषि वस्तुओं और पेट्रोलियम उत्पादों आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए ये आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 49 मिलियन टन प्रति वर्ष का अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। उन्होंने कहा कि इससे जलवायु लक्ष्यों को अर्जित करने और देश की लॉजिस्टिक्स लागत को घटाने, तेल आयात (52 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन (264 करोड़ किलोग्राम), को कम करने में मदद मिलेगी जो 11 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

# यूएई ने आतंकवाद पर भारत के रुख पर समर्थन दोहराया

नई दिल्ली। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेतृत्व द्वारा दिए गए समर्थन और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त करने की सराहना की है। यूएई ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री के मंगलवार 10 जून को आबू धाबी की यात्रा के दौरान यह रुख दोहराया। यह यात्रा विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और यूएई के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाह्यान के बीच गत वर्ष 13 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित 15वीं संयुक्त आयोग बैठक के बाद हुई है।

विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव श्री मिस्री ने भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझीदारी के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करने के लिए यूएई के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री रीम अल हाशिम के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में चर्चा व्यापार, निवेश, ऊर्जा, संस्कृति, रक्षा, प्रौद्योगिकी, कांसुलर मामलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में बहुआयामी द्विपक्षीय साझीदारी के दायरे को बढ़ाने पर केंद्रित थी। दोनों पक्षों ने आपसी हितों को बढ़ावा देने के लिए बहुपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

**कबीर जयंती पर सीएम की सफाई कर्मियों को सौगात, वेतन में 2100 रुपये की बढ़ोतरी**

# सिरसा में बन रहे मेडिकल कॉलेज में बनेगा सौ बेड का नशा मुक्ति केंद्र: सीएम सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सिरसा।** संत कबीर दास जयंती पर सिरसा की अनाज मंडी में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सफाई कर्मियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उनके मासिक वेतन में 2100 रुपये की वृद्धि की घोषणा की। इसके अलावा, सिरसा में बन रहे संत सरसाई नाथ मेडिकल कॉलेज में 100 बेड का नशा मुक्ति केंद्र बनाने की भी घोषणा की। साथ ही, डबवाली में स्थित नशा मुक्ति केंद्र में 10 बेड की संख्या को बढ़ाकर 30 बेड करने और ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल के पास 30 बेड का नया नशा मुक्ति केंद्र बनाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 31 लाख रुपए देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प पत्र में सफाई कर्मियों के वेतन को चरणबद्ध तरीके से 5 सालों में 26 हजार तक बढ़ाने का संकल्प लिया है, इसके लिए सरकार कटिबद्ध है। संकल्प पत्र में जो हमने कहा है उसे हम पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर भारतीय संस्कृति की सर्वधर्म समभाव और वसुधैव कुटुम्बकम परम्परा के संवाहक और इतिहास के अनमोल रत्न थे। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ, जब हमारा समाज अंधविश्वास, जात-पात और रूढ़िवादी परम्पराओं में जकड़ा हुआ था। संत कबीर ने अपने कर्म से वंदनीय स्थान प्राप्त किया। वे अपने समय के सबसे साहसी समाज-सुधारक थे। उन्होंने सभी धर्मों की कुरीतियों और रूढ़ियों पर कड़ी चोट की।

उन्होंने कहा कि संत कबीर दास जी जैसे संत-महात्माओं, ऋषि-मुनियों, पीर-पैगम्बरों और गुरुओं ने भूली-भटकी मानवता को जीवन का सच्चा रास्ता दिखाया है। ऐसी महान विभूतियों की शिक्षाएं पूरे मानव समाज की धरोहर हैं। उनकी विरासत को संभालने व सहेजने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, मंत्री डा. अरविंद शर्मा, राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, नलवा के विधायक रणबीर पनिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट, नगर परिषद के चेयरमैन वीर शांतिस्वरूप आदि मौजूद रहे।



संत कबीर दास जयंती पर समारोह में लोगों को अभिवादन स्वीकार करते सीएम नायब सिंह सैनी। इस मौके पर मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, इमंत्री कृष्ण कुमार बेदी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल व अन्य गणमान्य।






### पंजाब में खेल संस्कृति के पुनर्जनन की शुरुआत, केजरीवाल और मुख्यमंत्री मान ने जालंधर में 78 करोड़ रुपए की लागत से भारत के पहले बहु-उद्देश्यीय खेल परिसर की नींव रखी

# ऑपरेशन बुलडोजर ने ड्रग नेटवर्क की कमर तोड़ी, अब खेल भविष्य का निर्माण करेंगे: केजरीवाल

कहा-हर गांव में स्टेडियम, नशे के खिलाफ हमारा जवाब होंगे

हमने 2022 में खेल हब का वादा किया था और आज हम इसे पूरा कर रहे हैं: मुख्यमंत्री भगवंत मान



अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**जालंधर, 11 जून।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत खेलों को बढ़ावा देकर नशे के खिलाफ कार्रवाई को तेज करने की घोषणा की।

बर्ल्टन पार्क स्पोर्ट्स हब, जो लगभग 78 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होने वाला एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, की नींव रखने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अरविंद केजरीवाल ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल हजारों लोगों को खेलों में शामिल होने और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह देश का अपनी तरह का पहला खेल परिसर होगा और एक साल के भीतर पूरा हो जाएगा।

अरविंद केजरीवाल ने जोर देकर कहा कि पंजाब कभी खेलों सहित कई क्षेत्रों में अग्रणी था, लेकिन परंपरागत राजनीतिक पार्टियों की पिछड़ी नीतियों के कारण इसका पतन हुआ। उन्होंने इन पार्टियों को नशे के खतरे को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार ठहराया और जोर देकर कहा कि 'युद्ध नशे के विरुद्ध' ने अब नशे के नेटवर्क की रीढ़ तोड़ दी है। उन्होंने सरकार की साहसिक कार्रवाइयों, जैसे ऑपरेशन बुलडोजर के माध्यम से नशा तस्करों की संपत्तियों को जब्त करने और ध्वस्त करने के बारे में प्रकाश डाला।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बर्ल्टन पार्क का नवीनीकरण नशा विरोधी अभियान के तहत एक रणनीतिक कदम है और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जल्द ही हर गांव में अत्याधुनिक स्टेडियम बनाए जाएंगे। उन्होंने दोहराया कि इस पहल का उद्देश्य पंजाब को देश में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करना है। अरविंद केजरीवाल ने राज्य के उद्योग-अनुकूल रुख का भी जिक्र किया, जिसने महत्वपूर्ण निवेश को आकर्षित किया है।

भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि एथलेटिक्स में राज्य की खोई हुई शान को रणनीतिक प्रयासों के माध्यम से बहाल किया जाएगा। खेलों को पुनर्जनन करना 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान का केंद्रीय स्तंभ है, उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशाओं में ले जाना है। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि ऐतिहासिक बर्ल्टन पार्क का नाम एक महान पंजाबी एथलीट के नाम पर रखा जाएगा ताकि औपनिवेशिक विरासत से मुक्ति मिले। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि मुल्लांपुर के बाद जल्द ही जालंधर और अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम विकसित किए जाएंगे। भगवंत सिंह मान ने गर्व के साथ कहा कि भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों के कप्तानों के साथ-साथ फुटबॉल टीम का कप्तान भी पंजाब से है।

### जालंधर से लंदन-केजरीवाल व मान ने वैश्विक मैचों के लिए 25 हजार रग्बी गेंदों की खेप को दिखाई हरी झंडी



**जालंधर।** पंजाब के लिए एक गर्व और ऐतिहासिक पल के साक्षी बनते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2025 के प्रतिष्ठित महिला रग्बी विश्व कप के मैचों के लिए 25,000 रग्बी गेंदों की खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने भारत के खेल निर्माण हब जालंधर में मौजूद होने पर बहुत गर्व व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पंजाब के लिए बहुत गर्व की बात है कि जालंधर-आधारित कंपनी सावी इंटरनेशनल द्वारा बनाई गई रग्बी गेंदों को इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पंजाब के लिए गर्व की बात है कि जालंधर में बनी रग्बी गेंदें विश्व कप में इस्तेमाल की जाएंगी। दोनों नेताओं ने कहा कि खेल उद्योग हजारों नौकरियां पैदा करने और पंजाब को विश्व-व्यापी विनिर्माण पावरहाउस के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जालंधर के खेल उद्योग की विश्व-व्यापी साख को उजागर करते हुए, नेताओं ने मेहनती और दूरदर्शी निर्माताओं की सराहना की, जिन्होंने लगातार विश्व स्तरीय उत्पाद बनाए हैं। उन्होंने इस बढ़ते हुए क्षेत्र को मजबूत प्रोत्साहन देने के लिए पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने कहा कि पंजाब हमेशा हिम्मती और उद्यमियों की धरती रही है और आज यह उसी भावना के साथ भारत के औद्योगिक पुनरुत्थान का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।

### मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने 78 करोड़ रुपये के अत्याधुनिक स्पोर्ट्स हब का रखा नींव पत्थर

**जालंधर।** पंजाब में खेल बुनियादी ढांचे के नवीनीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज बर्ल्टन पार्क को अत्याधुनिक स्पोर्ट्स हब में बदलने संबंधी परियोजना का नींव पत्थर रखा। यह परियोजना 78 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित की जाएगी। इसे एक ऐतिहासिक पल बताते हुए दोनों नेताओं ने कहा कि ये नई खेल सुविधाएं भारत की खेल राजधानी के रूप में जालंधर को मिले दर्जे को और मजबूत करेंगी। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, बर्ल्टन पार्क को एक व्यापक स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित किया जा रहा है जिसमें कई तरह की सुविधाएं शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत एक अत्याधुनिक क्रिकेट मैदान सहित विभिन्न अन्य स्टेडियम और आधुनिक खेल सुविधाएं तैयार की जाएंगी। उन्होंने बताया कि दो बहु-उद्देशीय स्टेडियम भी विकसित किए जा रहे हैं जिनमें से एक हैंडबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और कुश्ती को समर्पित किया गया है और दूसरा वेटलिफ्टिंग, जूडो और कबड्डी के लिए तैयार किया जा रहा है। दोनों नेताओं ने कहा कि फुटबॉल और हॉकी के लिए अलग स्टेडियम बनाने की भी योजना बनाई गई है और साथ ही योग प्रेमियों के लिए एक समर्पित योग शेड और युवा खिलाड़ियों के लिए एक स्केटिंग रिंक भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, साइकिलिंग और जॉगिंग ट्रैक बनाए जाएंगे और मौजूदा लॉन टेनिस कोर्टों को आधुनिक बनाया जाएगा। दोनों नेताओं ने कहा कि स्पोर्ट्स हब के इनडोर स्टेडियम में 500 दर्शकों और आउटडोर में 1,000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सुविधा में वृद्धि करने के लिए, इस सुविधा में कैफेटेरिया, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स/वेडिंग ज़ोन, भरोसेमंद बिजली और पानी की आपूर्ति और अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे जैसी सुविधाएं भी शामिल होंगी। उन्होंने आगे कहा कि निर्बाध बिजली सुनिश्चित करने के लिए कॉम्प्लेक्स को ट्रांसफॉर्मर और डी.जी. सेटों से लैस किया जाएगा।

# पंजाबियों की अनख बेचकर 'मोदी दरबार' को सलाम-यही है बीजेपी का पंजाब मॉडल: कटारूचक

कहा-पंजाब बीजेपी को चला रहा है एक गुजराती, विजय रूपाणी का पंजाब से क्या लेना-देना?

पंजाब के साथ धक्का करने में 'बीजेपी के दिल्ली दरबार' ने मुग़लों की बराबरी की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 11 जून।** आप नेता और पंजाब सरकार में मंत्री लालचंद कटारूचक ने विरोधी पार्टियों द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) पर दिल्ली से नियंत्रित होने के आरोपों पर करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सभी राष्ट्रीय पार्टियों का एक केंद्रीकृत ढांचा होता है।

कटारूचक ने कांग्रेस और भाजपा नेताओं के पाखंड को उजागर करते हुए कहा कि लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए अपार्टी के स्टार प्रचारकों को तय करने में पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग की कोई भूमिका नहीं थी। वहीं भाजपा का पंजाब नेतृत्व अक्सर पंजाब के अधिकारों और गौरव से ज़्यादा अपने 'मोदी दरबार' को खुश करने को प्राथमिकता देता है।

कटारूचक ने भाजपा के पंजाब मॉडल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह बाहरी लोगों द्वारा तय किया जा रहा है, उन्होंने पंजाब भाजपा मामलों की देखरेख के लिए गुजरात के विजय रूपानी को नियुक्त करने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि विजय रूपानी का पंजाब की संस्कृति, इतिहास या लोगों से क्या संबंध है?' उन्होंने कहा कि भाजपा की पंजाब रणनीति राज्य की पहचान और आकांक्षाओं के प्रति घोर उपेक्षा को दर्शाती है।

कटारुचक ने पंजाब के साथ भाजपा के व्यवहार की तुलना मुगलों के दमनकारी शासन से की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का दिल्ली नेतृत्व पंजाब को केवल शोषण के संसाधन के रूप में देखता है, राज्य का विकास या यहां के लोगों के कल्याण में उसकी कोई रुचि नहीं है, लेकिन फिर भी भाजपा पंजाब के नेता पंजाब के बजाय अपनी पार्टी के साथ खड़े हैं।

कांग्रेस पर बोलने हुए कटारुचक ने पार्टी के विदेशी संबंधों का जिक्र किया और कहा, 'इटली से संचालित एक पार्टी के पास दूसरों पर सवाल उठाने का कोई नैतिक आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब में कांग्रेस शासन के दौरान सीएम कार्यालय एक पाकिस्तानी के नियंत्रण में था।

उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय पार्टियां स्वभाव से ही केंद्रीकृत होती हैं, लेकिन कांग्रेस के विपरीत, आम आदमी पार्टी अपने राज्य के नेताओं को लोगों का प्रतिनिधित्व करने और अपने राज्यों के लिए निर्णय लेने का अधिकार देती है। दूसरी ओर, कांग्रेस नेताओं में स्वायत्तता की कमी है। वे हमेशा अपने हाईकमान के निर्देशों का पालन करते हैं।'

### लुधियाना वेस्ट में आम आदमी पार्टी की पकड़ हुई और भी मजबूत, रिवायती पार्टियों से जुड़े 100 से ज्यादा लोग 'आप' में हुए शामिल



**लुधियाना।** लुधियाना वेस्ट उपचुनाव में आम आदमी पार्टी का काफिला लगातार बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस भाजपा और अकाली को छोड़कर रोज सैकड़ों लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। बुधवार को भी इन रिवायती पार्टियों से जुड़े 100 से ज्यादा लोग आप में शामिल हुए। आप पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा ने पार्टी के कार्यकारी प्रधान शैरी कलसी, कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ और आप पंजाब के महासचिव डॉ सनी आहलूवालिया की मौजूदगी में सभी लोगों को पार्टी में शामिल कराया और उनका स्वागत किया। इस मौके पर आप नेता सुरिंदर कल्याण, सिम्मी चोपड़ा और रंजीत सिंह बांठ विशेष रूप से मौजूद रहें। इन्हीं के प्रयासों और मेहनत की बदौलत आज इतनी बड़ी संख्या में लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

### लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में कांग्रेस को झटका! सैकड़ों कांग्रेसी नेता 'आप' में शामिल



**लुधियाना।** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। आम जनता और अन्य पार्टियों के नेता व कार्यकर्ता लगातार पार्टी में शामिल हो रहे हैं। बुधवार को भी सैकड़ों कांग्रेसी नेता पुरानी पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारूचक ने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष शैरी कलसी की मौजूदगी में सभी लोगों को पार्टी में शामिल करवाया और उनका स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में सुदेश कुमार डोगरा, भूपिंदर नागरा, आजाद गहलोत, अजीत टांक, कार्तिक टांक, गौरव, अरुण बिड़ला, प्रवेश कुमार, गुरमीत सिंह बंटी, प्रयांशु, बलजीत सिंह, गुरमीत सिंह, दविंदर शर्मा शामिल हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारूचक ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के काम और आम आदमी पार्टी की जनहितैषी नीतियों से खुश होकर विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ता लगातार पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

# आप सरकार पंजाब को उद्योग का बनाएगी केन्द्र, उद्योगपतियों की हर समस्या का तुरंत होगा समाधान: चीमा

हरपाल चीमा ने की उद्योग क्रांति की तारीफ, कहा - आवेदन के 45 दिनों में मिलेगी सभी मंजूरी, नहीं मिली तो 46वें दिन ऑटोमेटिक हो जाएगा अप्रूव



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 11 जून।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब सरकार द्वारा उद्योगों की मंजूरी के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने की तारीफ की और कहा कि इस योजना से पंजाब में औद्योगिक क्रांति आएगी। बुधवार को लुधियाना में हरपाल चीमा ने आप पंजाब के ट्रेड विंग के अध्यक्ष नील गर्ग और पंजाब ट्रेड कमीशन के चेयरमैन अनिल ठाकुर के साथ एक इस मुद्दे पर एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कल पंजाब सरकार द्वारा लागू किए गए सिंगल विंडो सिस्टम के सभी 12 पहलूओं को विस्तारपूर्वक बताया और यह ऐतिहासिक फैसला लेने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि आप सरकार पंजाब को उद्योग का केन्द्र बनाएगी। उद्योगपतियों की हर समस्या का तुरंत समाधान होगा ताकि राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो सिस्टम के तहत अब अगर कोई व्यक्ति पंजाब कोई प्लांट स्थापित करना चाहता है तो उसे आवेदन करने के 45 दिनों के भीतर सभी तरह की मंजूरी मिलेगी। अगर नहीं मिली तो 46वें दिन आवेदन ऑटोमेटिक अप्रूव हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि बहुत सारी इंडस्ट्रियलिस्ट पंजाब में आना चाहते थे लेकिन कागज़ी प्रक्रिया में आने वाली दिक्कतों के कारण नहीं आ पा रहे थे। उनकी बहुत सारी मांगे हमने पिछले तीन सालों में पूरी भी की, लेकिन हमने सिंगल विंडो सिस्टम लागू कर उनकी सभी समस्याओं को एक बार में ही समाप्त कर दिया। अब किसी को भी पंजाब में इंडस्ट्री लगाने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो कहने को तो अन्य राज्यों में भी है लेकिन वहां डीम्ड अप्रूवल की व्यवस्था नहीं है। हमने इसे लागू किया है। अब अगर अप्लाई करने के बाद कोई ऑब्जेक्शन लगता है तो 7 दिनों के डिपार्टमेंट उस व्यक्ति को उसकी सूचना देगा, सूचना के अनुसार व्यक्ति द्वारा संबंधित कागजात जमा करने के 45 दिनों से भीतर डिपार्टमेंट वाले उसे खुद ठीक करेंगे। अगर नहीं कर पाए तो डिपार्टमेंट का हेड उसको अप्रूवल दे देगा। वहीं अगर कोई कर्मचारी या अधिकारी इस प्रक्रिया में कोई लापरवाही बरतता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं 125 करोड़ तक के प्रोजेक्ट लगाने के लिए मात्र तीन दिनों में मंजूरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'यह राइट टू बिजनेस एक्ट' के अधीन है इसलिए आने वाले विधानसभा सेशन में इस एक्ट में संशोधन किया जाएगा, ताकि भविष्य में किसी व्यक्ति को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

### सबसे पहले मैं करूंगा डोप टेस्ट और संपत्ति का खुलासा, अमन अरोड़ा ने स्वीकारा सुनील जाखड़ का चैलेंज, बोले-

# दिन, तारीख और जगह तय करो, मैं तैयार हूं

जाखड़ साहब अपनी बात से मुकरना मत: अमन अरोड़ा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 11 जून।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ के राजनीति में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही की वकालत करने वाले हालिया बयान का स्वागत किया है। जाखड़ ने सुझाव दिया था कि सभी राजनीतिक नेताओं को डोप टेस्ट से गुजरना चाहिए और अपनी संपत्ति का खुलासा करना चाहिए, जिसकी शुरुआत पार्टी अध्यक्षों से होनी चाहिए। इस मुद्दे पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमन अरोड़ा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी की स्थापना राजनीति में पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही लाने के उद्देश्य से की थी। मैं आभारी हूं कि अब अन्य पार्टियां भी उनके दृष्टिकोण को अपना रही हैं।÷

अमन अरोड़ा के साथ मंत्री लालचंद कटारूचक और आप प्रवक्ता नील गर्ग भी मौजूद थे। अरोड़ा ने जाखड़ की चुनौती स्वीकार करते हुए कहा, 'पंजाब की सत्तारूढ़ पार्टी के राज्य अध्यक्ष के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं उदाहरण पेश करूं। मैं इस पहल का स्वागत करता हूं और अपनी संपत्ति का विवरण, जो पहले से ही उपलब्ध है, का खुलासा करने और जाखड़ द्वारा तय समय और स्थान पर डोप टेस्ट कराने के लिए भी तैयार हूं।'

उन्होंने कहा कि हम इस प्रक्रिया को मीडिया और चिकित्सा पेशेवरों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से करना चाहिए। जाखड़ से इस पहल का दायरा बढ़ाते हुए अरोड़ा ने कहा, 'इसे पंजाब तक ही सीमित क्यों रखा जाए? ईमानदार नेतृत्व की जरूरत तो पूरे देश में है। मैं सुनील जाखड़ से अनुरोध करता हूं कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी इस बारे में बात करें। मैं भी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से इस बारे में विचार-विमर्श करूंगा ताकि यह पारदर्शिता का विचार पूरे देश में फैल सके।'

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 102वें दिन113 नशा तस्कर गिरफ्तार, 1.5 किलो हेरोइन बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 जून।** राज्य से नशे के पूर्ण उन्मूलन के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए गए ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ के 102वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 113 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.5 किलो हेरोइन और 15040 रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इसके साथ ही केवल 102 दिनों के भीतर गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 16,982 हो गई है। यह ऑपरेशन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 जिलों में एक साथ चलाया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और एसएसपी को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के आदेश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशे के खिलाफ युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट उप-समिति भी बनाई गई है। ऑपरेशन का विवरण देते हुए स्पेशल डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 96 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1300 से अधिक पुलिसकर्मियों की भागीदारी वाली 200 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 505 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके चलते राज्य भर में 83 एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने आगे कहा कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 525 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। स्पेशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य से नशे के उन्मूलन के लिए तीन-तरफा रणनीति - प्रवर्तन, नशामुक्ति और रोकथाम (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के रूप में 93 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राजी किया है।

# पंजाब ने बिना किसी कटौती के 16,711 मेगावाट की चरम बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया: बिजली मंत्री ईटीओ

बिजली की मांग के संबंध में राज्य में नया रिकॉर्ड स्थापित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 जून।** पंजाब सरकार ने आज, 11 जून 2025 को, राज्य में बिजली की अब तक की सबसे अधिक मांग 16,711 मेगावाट को बिना किसी कटौती के सफलतापूर्वक पूरा किया, जिससे इसके निवासियों को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हुई। यह जानकारी पंजाब के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज एक प्रेस बयान में दी।

उन्होंने आगे बताया कि बिजली की मांग का एक नया रिकॉर्ड ठीक कल, 10 जून 2025 को बना था, जब राज्य में 16,192 मेगावाट दर्ज किया गया था, एक रिकॉर्ड जो 24 घंटे से भी कम समय में टूट गया। इससे पहले, बिजली की मांग का रिकॉर्ड 16,058 मेगावाट था, जो 29 जून 2024 को दर्ज किया गया था। बिजली मंत्री ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पी एस पी सी एल और पी एस टी सी एल के अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण की सराहना की, जो राज्य के निवासियों को निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। उन्होंने उन सभी को बधाई दी। स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने यह भी उल्लेख किया कि गर्मी के मौसम और धान की बुवाई की अवधि को देखते हुए, राज्य सरकार ने पहले ही 17,000 मेगावाट बिजली की व्यवस्था कर ली थी। इस सक्रिय योजना ने आज और कल अनुभव की गई चरम बिजली मांग को सुचारू रूप से पूरा करने में सक्षम बनाया।

**DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES**

DRAW TIME: 06:00 PM ONWARDS DRAW DATE:11/06/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 10 SILVER WEDNESDAY WEEKLY LOTTERY

**MRP Rs 10/- Per Ticket**

1st Prize Amount (10)Rs.10,000/-,Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Total Prize Amount Rs.10500/- each)

**1149**

2nd Prize Amount (10)Rs.2000/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.200/-, Total Prize Amount Rs.2200/- each)

**6614**

3rd Prize Amount (100)Rs.500/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs.550/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2898 | 3952 | 4301 | 5802 | 5933 | 7113 | 7283 | 7938 | 9893 | 9930 |

4th Prize Amount (100)Rs.200/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.20/-, Total Prize Amount Rs.220/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1583 | 2631 | 2739 | 4074 | 4891 | 6820 | 7511 | 7574 | 8378 | 8694 |

5th Prize Amount (2000)Rs.100/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.10/-, Total Prize Amount Rs.110/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0019 | 0138 | 0240 | 0245 | 0315 | 0345 | 0404 | 0453 | 0491 | 0506 |
| 0551 | 0558 | 0587 | 0629 | 0634 | 0731 | 0880 | 0892 | 0961 | 0999 |
| 1031 | 1048 | 1253 | 1258 | 1311 | 1359 | 1426 | 1479 | 1516 | 1563 |
| 1632 | 1764 | 1782 | 1802 | 1825 | 1876 | 1969 | 1991 | 2009 | 2075 |
| 2115 | 2137 | 2166 | 2171 | 2273 | 2466 | 2468 | 2471 | 2565 | 2574 |
| 2583 | 2700 | 2811 | 2818 | 2857 | 2905 | 2971 | 2972 | 3109 | 3158 |
| 3254 | 3363 | 3385 | 3400 | 3432 | 3470 | 3616 | 3722 | 3823 | 3890 |
| 3899 | 3906 | 3962 | 4111 | 4199 | 4209 | 4252 | 4259 | 4273 | 4550 |
| 4690 | 4754 | 4964 | 5111 | 5124 | 5138 | 5203 | 5229 | 5233 | 5278 |
| 5296 | 5312 | 5412 | 5455 | 5537 | 5538 | 5710 | 5806 | 5864 | 5876 |
| 5893 | 5985 | 6010 | 6017 | 6023 | 6028 | 6041 | 6100 | 6130 | 6178 |
| 6216 | 6431 | 6459 | 6476 | 6520 | 6537 | 6563 | 6573 | 6636 | 6675 |
| 6796 | 6889 | 6892 | 6913 | 6919 | 6939 | 6940 | 7003 | 7007 | 7012 |
| 7039 | 7068 | 7217 | 7221 | 7229 | 7262 | 7264 | 7292 | 7356 | 7390 |
| 7396 | 7464 | 7497 | 7509 | 7551 | 7579 | 7580 | 7594 | 7671 | 7719 |
| 7736 | 7752 | 7799 | 7898 | 7993 | 8058 | 8061 | 8090 | 8092 | 8169 |
| 8213 | 8325 | 8327 | 8334 | 8375 | 8425 | 8450 | 8460 | 8476 | 8527 |
| 8564 | 8627 | 8678 | 8753 | 8755 | 8778 | 8838 | 8846 | 8851 | 8891 |
| 9000 | 9036 | 9037 | 9052 | 9088 | 9094 | 9168 | 9298 | 9367 | 9379 |
| 9459 | 9487 | 9528 | 9617 | 9686 | 9711 | 9743 | 9765 | 9844 | 9964 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

### पोलिंग स्टाफ की ट्रेनिंग, ईवीएम के उपयोग और ईवीएम वोटिंग पर किए गए मॉक ड्रिल का सफल प्रशिक्षण

**चंडीगढ़, 11 जून (अप्रस)।** पोलिंग अधिकारियों का सही और पेशेवर प्रशिक्षण चुनावों की तैयारी का एक अभिन्न अंग है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पोलिंग कर्मियों को कानून, नियमों और निर्देशों के अनुसार सख्ती से चुनाव कराने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है। इस उद्देश्य के लिए प्रशिक्षण के दो चरण छोटे समूहों में आयोजित किए जाते हैं ताकि बातचीत के माध्यम से और संदेह दूर करने के लिए पर्याप्त अवसर मिल सके। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भारतीय चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार ईवीएम के उपयोग के बारे में उनकी भूमिका/कर्तव्यों से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता है। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी. ने बताया कि 19 जून 2025 को 64-लुधियाना पश्चिमी के उपचुनाव के लिए मतदान कराने हेतु 194 पोलिंग बूथों पर तैनात किए जाने वाले पोलिंग और प्रेज़ाइडिंग अधिकारियों का पहला प्रशिक्षण 04 जून 2025 को खालसा कॉलेज फॉर वुमन के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 1552 पोलिंग कर्मियों को सुबह 09.00 बजे और दोपहर 02.00 बजे दो शिफ्टों में प्रशिक्षण दिया गया। ईवीएम के उपयोग के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण के हिस्से के रूप में, प्रत्येक प्रेज़ाइडिंग अधिकारी/पोलिंग अधिकारी द्वारा विभिन्न मशीनों पर एक मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल वोटिंग में 388 प्रेज़ाइडिंग अधिकारियों ने भाग लिया। मॉक ड्रिल के दौरान, प्रत्येक प्रेज़ाइडिंग अधिकारी ने डमी उम्मीदवारों के लिए ईवीएम में आधार पर कम से कम 100 वोट बे तरतीब डाले।

# मुबारिकपुर बस स्टैंड बना 'सफेद हाथी', सरकारी बसों का आवागमन ठप

बस स्टैंड बना निजी वाहनों की पार्किंग

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 11 जून।** मुबारिकपुर में नवनिर्मित बस स्टैंड क्षेत्र के लिए %सफेद हाथी% साबित हो रहा है। लाखों रुपये की लागत से बना यह बस स्टैंड सरकारी बसों के आवागमन से वंचित है, जिसके कारण यह वाहनों की पार्किंग स्थल बन गया है। इस बस स्टैंड के बनने से लोगों को बड़ी उम्मीद थी कि उन्हें बस की सुविधा मिलेगी, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। प्राप्त जानकारी अनुसार सरकारी एक तो बसें कम आती हैं और जो आती हैं वे अभी भी मुबारिकपुर बस स्टैंड में प्रवेश करने की बजाय मुख्य सड़क पर ही सवारियों को उतारती व चढ़ाती हैं। इसके कारण सवारियों खासकर बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चंडीगढ़ से मुबारिकपुर होकर डेराबस्सी जाने वाली बसों की आवाजाही भी ठप हो गई है। जिसके कारण लोगों को अपने काम पर जाने के लिए थ्रीविहलर में बैठना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से पहले अंबाला कालका बसों की काफी आवाजाही रहती थी, लेकिन पिछले कुछ सालों से अंबाला कालका बसों की संख्या नगण्य रह गई है। अगर कोई बस आती भी है तो वह सवारियों को सड़क किनारे उतार कर चली जाती है, लेकिन बस स्टैंड पर एक भी बस नहीं आती। सरकारी बसों की आवाजाही के कारण बस स्टैंड खाली पड़ा रहता है और इसका इस्तेमाल केवल निजी वाहनों व स्थानीय दुकानदारों द्वारा पार्किंग के लिए किया जा रहा है। यह न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि लोगों की उम्मीदों पर भी पानी फेर रही है। लोगों की मांग है कि प्रशासन तुरंत इस मामले पर ध्यान दे और बस स्टैंड से सरकारी बसों की आवाजाही सुनिश्चित करे, ताकि इसके निर्माण का असली उद्देश्य पूरा हो सके।

# लुटेरों ने दिनदहाड़े एक महिला का पर्स छीन हुए फरार



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 11 जून।** जगराओं के कमल चौक के पास सब्जी मंडी जाने वाली सड़क पर हुई। बाइक सवार लुटेरों ने एक महिला को अपना शिकार बना लिया। लुटेरों ने दिनदहाड़े एक महिला का पर्स छीन लिया।पीड़िता जसिका गोयल ऑटो से उतरकर गोबिंद कॉलोनी स्थित अपने घर की तरफ जा रही थी।

पीड़िता ने बताया कि पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों ने उसके हाथ से पर्स छीन लिया। पर्स में पैसे, मोबाइल और अन्य जरूरी सामान था।

महिला ने लुटेरों का पीछा भी किया, लेकिन गर्मी की वजह से सड़क खाली होने का फायदा उठाकर वे फरार हो गए।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जटेला धाम में 225 बिस्तर वाले आधुनिक अस्पताल का किया शिलान्यास

# जटेला धाम बना श्रद्धा, सेवा और पर्यावरण का त्रिवेणी संगम : मुख्यमंत्री

- जटेला धाम में आयोजित पूर्णिमा महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी
- मुख्यमंत्री ने अस्पताल के लिए 31 लाख रुपये, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा व कृष्ण कुमार बेदी ने भी 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



जटेला धाम में जनसभा को संबोधित करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : अजय गौतम

**झज्जर, 11 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज झज्जर के गांव माजरा (दुबलधन) स्थित जटेला धाम में स्वामी नितानंद जी के 225वें निर्वाण दिवस के अवसर पर 225 बिस्तर वाले आधुनिक अस्पताल का शिलान्यास और स्वामी नितानंद आश्रम गौशाला का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व श्री कृष्ण कुमार बेदी ने भी अपने ऐच्छिक कोष से 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

श्री नायब सिंह सैनी ने पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दिन जटेला धाम श्रद्धा, सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का अद्भुत त्रिवेणी संगम का साक्षी बना है। स्वामी नितानंद जी का यह धाम आध्यात्मिक चेतना से जोड़ता है। जटेला धाम की यह पवित्र तपोभूमि संतों के आशीर्वाद से आध्यात्मिक केंद्र के रूप में पहचान स्थापित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब संत मार्गदर्शन करते हैं तो समाज सही दिशा में चलता है और कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। संत नितानंद जैसे महान संतों की बदौलत ही मजबूत भारत हमें मिला है। उन्होंने कहा कि स्वामी नितानंद महाराज जी के जीवन मूल्यों को धारण करते हुए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए। स्वामी नितानंद मिशन फाउंडेशन समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के मिशन में निरंतर कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां हेपेटाइटिस -सी व बी की दवाइयां मुफ्त उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अलावा हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान समय में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 15 हो गई है। उन्होंने कहा कि झज्जर जिले के बाढ़सा में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान खोला गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सा सुविधाओं को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश में कुल एक करोड़ 33 लाख चिरायु कार्ड बनाए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर इस धाम द्वारा लगभग 82,125 पौधारोपण करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार भी पर्यावरण को लेकर बेहद सजग है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत पहले चरण में हरियाणा में लक्ष्य से अधिक 1 करोड़ 87 लाख पौधे लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 1 करोड़ 82 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, विधायक राजेश जून, सुनील सांगवान, उमेद पातुवास, कंवर सिंह यादव, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, महंत राजेंद्र दास, स्वामी सूर्यानंद जी महाराज, स्वामी रामानंद सरस्वती जी महाराज सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### मानवता की सेवा का मंदिर बनेगा चिकित्सा संस्थान

मुख्यमंत्री ने चिकित्सा संस्थान के प्रथम चरण के निर्माण का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह चिकित्सा संस्थान केवल सीमेंट-कंकरीट की इमारत नहीं बल्कि मानवता की सेवा का एक मंदिर है। इस संस्थान के बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सुविधा मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित होने वाले इस संस्थान से झज्जर ही नहीं बल्कि साथ लगते क्षेत्रों को भी स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का जो मंत्र दिया है, हम उस पर चलते हुए एक आत्मनिर्भर और सशक्त हरियाणा का निर्माण कर रहे हैं। सरकार ने गरीबों के इलाज के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। सरकार द्वारा गरीबों के उपचार के लिए चिरायु योजना, आयुष्मान भारत योजना, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त डायलिसिस सुविधा, निरोगी हरियाणा योजना, मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजनाएं सहित अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं, जिनका आमजन को लाभ मिल रहा है। सरकार द्वारा इस वित्त वर्ष में स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट 10,159 करोड़ किया है।

### वीरांगनाओं ने मुख्यमंत्री को भेंट किया सिंदूर का पौधा

कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में वीरांगनाएं भी पहुंची और राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम को प्रदर्शित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को सिंदूर का पौधा भेंट किया। उन्होंने कहा कि झज्जर का यह क्षेत्र वीर सैनिकों का इलाका है। यहां के लोगों में देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी है और क्षेत्र के सैनिक सरहदों पर तैनात हैं।

## नृत्य कौशल में छाई आईजी स्कूल की अनिका

**कैथल (अप्रस)।** हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी में हुए श्री शिव गंगा उत्सव में भाग लेकर आईजी स्कूल की छात्रा अनिका ने प्रथम स्थान हासिल करके अपने विद्यालय, जिले व राज्य का नाम रोशन किया। स्कूल प्रबंधक समिति के प्रधान जेबी खुरानिया व प्रधानाचार्या रंजू गुप्ता ने अनिका व उसके माता-पिता को बधाई देते हुए उसकी लगातार मेहनत व अभ्यास की प्रशंसा की। प्रधानाचार्या ने बताया कि श्री नृत्यांजलि संस्था द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर इस समारोह का आयोजन किया गया था जिसका आमंत्रण आईजी स्कूल की छात्रा अनिका को भी प्राप्त हुआ। अनिका ने जूनियर ग्रुप के 210 प्रतिभागियों में पहला स्थान हासिल करके न केवल राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाया बल्कि अब आगे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वियतनाम के लिए भी अपना स्थान निश्चित कर लिया। जेबी खुरानिया ने कहा कि ऐसे होनहार विद्यार्थियों की वजह से आईजी स्कूल का नाम पहले भी सुर्खियों में आता रहा है और आने वाले समय में भी ये बच्चे इसी तरह विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे। विद्यालय प्रबंधन समिति इन सब विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रिप्टो यूएसडीटी ठगी, पांच आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने डाहर गांव निवासी युवक से 11,951 क्रिप्टो यूएसडीटी की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जींद, रोहतक और सोनीपत के रहने वाले मंदीप, संदीप उर्फ टोनी, पवन, सावन और दीपांशु के रूप में हुई। जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह ने युवक को 100 यूएसडीटी खरीदने का झांसा दिया और एक स्कैनर भेजकर उसका फोन हैक कर लिया। स्कैम के जरिए युवक के खाते से पूरी क्रिप्टो राशि अपने खाते में ट्रांसफर कर ली गई। आरोपी सावन और दीपांशु को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, जबकि तीन अन्य आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं। डाहर निवासी पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उसे पहले 12,000 यूएसडीटी खरीदने के नाम पर झांसे में लिया गया और बाद में अमन खोखर नाम के व्यक्ति ने फोन कर 100 यूएसडीटी के लिए स्कैनर भेजा। स्क्रीनशॉट और एक बटन दबाने के बाद उसके अकाउंट से पूरी राशि ट्रांसफर हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और गिरोह को दबोच लिया। रिमांड के दौरान ठगी गई क्रिप्टो यूएसडीटी की बरामदगी की कोशिश की जाएगी।

### बच्चों को सिख इतिहास के बारे दी जानकारी



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** गुरुद्वारा गुरु शरण साहब में गुरमति सिखलाई कैंप में गुरबाणी सीख रहे बच्चों को पढ़ाते हुए ज्ञानी वरयाम सिंह ने कहा कि शुद्ध गुरबाणी का पाठ करने से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है । सदैव वाणी की ओर ही ध्यान दें। वाणी में ही अनेक रहस्य छुपे हुए हैं। जितना अधिक गुरुवाणी का शुद्ध पाठ करोगे । उतना ही अधिक ज्ञान मिलता रहेगा। वही जप व कीर्तन का पाठ पढ़ाते हुए जोगिंदर सिंह बेदी ने कहा कि एक भाव व एक मन से किया गया कीर्तन ही श्रद्धालुओं के मन में भाव पैदा करता है। एक मत का किया गया कीर्तन जन्म-जन्म के फंद काट देता है। वही धर्म प्रचार कमेटी के विचित्र सिंह ने भी सिख इतिहास के बारे बच्चों को जानकारी दी । जोगिंदर सिंह बेदी ने बताया कि 16 जून को आनंदपुर साहब गुरुद्वारा दर्शन के लिए सभी बच्चों को ले जाया जाएगा। क्योंकि बच्चों को आनंदपुर साहब गुरुद्वारे के बारे में भी ज्ञान दिया जा रहा है । उन्होंने बताया कि जिस धर्म स्थान के बारे में ज्ञान दिया जाता है । वहां पर ले जाकर बच्चों को उसके दर्शन भी कराए जाते हैं। गुरुमति सिखलाई कैंप में अनेक बच्चे गुरबाणी कीर्तन जप व शस्त्र विद्या की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर गुरनाम सिंह परविंदर सिंह वीरेंद्र सेठी सतीश चावला इंद्रजीत बाखली मेवा सिंह भोर व मंजीत बाजवा सहित अनेक श्रद्धालु भी मौजूद थे।

### कपिल मुनि मंदिर में चेन चुराती महिला पकड़ी गई




**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** कपिल मुनि मंदिर परिसर में जेठ पूर्णिमा के मौके पर दर्शन को आई एक महिला की सोने की चेन तोड़ने का प्रयास कर रही महिला को श्रद्धालुओं ने रंगे हाथों पकड़ लिया। कुराड़ निवासी पूनम के गले से चेन खींचने की कोशिश के दौरान आसपास खड़ी महिलाओं ने आरोपी महिला को देख लिया और मौके पर ही दबोच लिया। सूचना पर डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी महिला को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार महिला उत्तर प्रदेश की रहने वाली है और फिलहाल कलायत में रह रही थी। थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया कि कोर्ट से रिमांड लेकर महिला से पूछताछ की जाएगी।

### डेरा प्रेमी की पार्थिव देह मेडिकल शोध के लिए दान

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** शहर के मलिक नगर में एक डेरा प्रेमी ने मेडिकल शोध के लिए अपने शरीर को दान कर दिया। डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी कृष्ण चंद इन्सा (77 वर्ष) ने मृत्यु से पहले ही शरीर दान का संकल्प ले लिया था 7 कृष्ण चंद ने मंगलवार देर रात अंतिम सांस ली जिसके बाद परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए पार्थिव शरीर को श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंस एवं श्री महावत इंदरेश अस्पताल, पटेल नगर, देहरादून को दान कर दिया। इसके अलावा कृष्ण इंन्सा की आँखे सेवा संघ कैथल को दान की गयी 7 बता दे कि कैथल ब्लाक से ये 24वे डेरा प्रेमी का शरीर दान हुआ है 7 वहीं डेरा सच्चा सौदा की मुहीम बेटा बेटी एक समान मुहिम को आगे बढ़ाते हुए उनकी बेटी आशा और पुत्रवधुओ मीना , राधिका , सोनू ने अर्थी को कंधा दिया। अंतिम विदाई में ब्लॉक कैथल के साथ-साथ आसपास के गांवों और शहरों से बड़ी संख्या में डेरा अनुयायी और रिश्तेदार शामिल हुए।

## देश के इतिहास में मोदी सरकार का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा : अशोक गुर्जर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 11 जून।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने कहा कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। यह कार्यकाल 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल बन रहा है। विश्व में पीएम मोदी के नाम का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों में देश भक्ति की भावना को जगाया है। पीएम मोदी ने इन 11 वर्षों में परिश्रम से परिकाष्ठा का मिसाल दी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गत दिवस चंडीगढ़ सीएम हाउस में मुलाकात करने के बाद अपने निवास पर बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पी.एम. मोदी ने अकेले नहीं, बल्कि खुद को तपा कर 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों को साकार किया है। मोदी सरकार का यह कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है। अशोक गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत की सोच में जहां तकनीक है, वहीं तरक्की निहित है। जहां भाजपा सरकार है, वहां गरीब का कल्याण है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त निर्णय लेने में सक्षम हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। पी.एम. मोदी के कुशल नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। अशोक गुर्जर ने कहा कि पी.एम. मोदी के नेतृत्व में घोटालों का अंधेरा दूर हुआ है और सुशासन का प्रकाश फैल रहा है। ये 11 साल हमारी महान संस्कृति के पुनरुद्धार और धार्मिक जागरण के रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार मोदी सरकार के दिशा निर्देशों पर जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चिरायु-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के दायरे का विस्तार कर किया है।

## विधायक सतपाल जांबा का किसान नेता गुणी प्रकाश के निवास पर हुआ स्वागत

# विकास कार्यों में नहीं आने दी जाएगी धन की कमी : जांबा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश


कैथल विधायक सतपाल जांबा का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान करते ठाकुर गुणी प्रकाश व ग्रामीण।

**कैथल, 11 जून।** पूंडरी हलका विधायक सतपाल जांबा का आज गांव फरल में भारतीय किसान यूनियन (मान गुट) प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्र सरकार द्वारा गठित एम.एस.पी. समिति के सदस्य ठाकुर गुणी प्रकाश फरल के निवास स्थान पर भव्य स्वागत किया गया। विधायक सतपाल जांबा को किसान नेता गुणी प्रकाश, गांव के सरपंच प्रतिनिधि साहब सिंह राणा सहित गण्यमान्य लोगों ने सम्मान का प्रतिक पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर गुणी प्रकाश व ग्रामीणों ने विधायक सतपाल जांबा के समक्ष गांव के विकास संबंधित विभिन्न मांगे रखी गई, जिसमें प्रमुख रूप से गांव में सडकों की मरम्मत करवाने, पुराने पंचायत घर का निर्माण करवाने, बस स्टैंड का निर्माण,गांव की गलियों का पुर्ननिर्माण करवाने, तालाबों की सफाई आदि समस्याओं से अवगत करवाया गया। जिस पर विधायक सतपाल जांबा ने ग्रामीणों की मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा कि हलके केविकास कार्यो में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाऐगी। हरियाणा की नायब सरकार का खजाना धन से लबालब भरा पड़ा है और पूंडरी हलके के हर गांव में रिकार्ड तोड़ विकास कार्य करवाकर पूंडरी को विकास की दौड़ में नंबर एक क्षेत्र बनाया जाऐगा। विधायक जांबा ने कहा कि हलके की जनता की सेवा व हलके में चारों तरफ विकास कार्य करवाना उनकी पहली प्राथमिकता है। हर वर्ग को साथ लेकर चलते हुए सबके सांझे विकास कार्य होंगे। विधायक द्वारा मौके पर ही मांगों को पूरा करने की घोषणा का ग्रामीणों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इस मौके पर किसान नेता ठाकुर गुणी प्रकाश, सरपंच प्रतिनिधि साहब सिंह राणा, सुखबीर राणा, नरेन्द्र राणा, सीताराम राणा, संजीव राणा, नरेन्द्र महाशय, प्रदीप राणा सहित काफी संख्या में गांव के गण्यमान्य लोग व ग्रामीण मौजूद थे।

### भगवान हनुमान सबके संकट हरने वाले हैं: सतपाल

**कैथल (अप्रस)।** माल गोदाम रोड स्थित हनुमान मार्किट संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा के पास मीठी खीर के भंडारे क आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ सोमदत्त कौशिक प्रधान अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ कैथल ने भगवान हनुमान जी, सभी देवी देवताओं, जल देवता पर प्रसाद चढ़ाकर किया। स्मरण रहे कि संकट मोचन हनुमान भंडारा समिति प्रति मास प्रत्येक पूर्णमासी को इस भंडारे का आयोजन करती है। नौवां भंडारा 10 जुलाई को लगाया जाएगा। अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ के अध्यक्ष सतपाल गुप्ता ने कहा कि यह हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है कि हम यह आयोजन कर रहे हैं। इस आयोजन से धार्मिक भावनाओं को प्रगति मिलती है और आपस में भाई चारे की भावना भी बढती है।

## खेतों व घरों में चोरी व दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार, 6 वारदातों का खुलासा

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 11 जून।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए थ्री पुलिस टीम ने खेतों व घरों में चोरी व दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से चोरी की 6 वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपियों की पहचान शिव नगर किशनपुरा निवासी कन्हैया व इदगाह कॉलोनी निवासी पपू के रूप में हुई है।

सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम मंगलवार शाम को सनौली रोड स्थित काला आंब मो? पर नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर बनाए हुए थी। तभी टीम को पानीपत की और से दो युवक एक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर आते दिखाई दिए, जिन्होंने सीट पर बीच में प्लास्टिक कट्टे में कुछ सामान रखा हुआ था। बाइक को रूकवाकर युवकों से पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान शिव नगर किशनपुरा निवासी कन्हैया पुत्र सन्नी व इदगाह कॉलोनी निवासी पपू पुत्र लख्मी के रूप में बताई। प्लास्टिक कट्टे को खोलकर चेक किया तो वायर से निकली तांबा की तार बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने तांबा की तार अपने चार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर 12 जनवरी को चौटाला रोड के नजदीक जालपा गांव के खेतों में ट्यूबवेल से चोरी करने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में गांव जालपा निवासी कृष्ण की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

बाइक आरोपियों ने 1 अप्रैल को गांधी कॉलोनी से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना शहर में गांधी कॉलोनी निवासी राहुल मनोचा की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपियों ने चोरी की उक्त वारदातों के अतिरिक्त खेतों व घरों की चोरी की 4 अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। दोनों आरोपी चोरी की तार को लेकर बेचने के लिए मंगलवार को ग्राहक की फिराक में बाइक पर सवार होकर यूपी की तरफ जा रहे थे।

पूछताछ में खुलासा हुआ आरोपी नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो आरोपियों ने मिलकर एकाएक कर चोरी की उक्त वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की तार से निकाला 1 किलो 200 ग्राम तांबा व एक बाइक बरामद कर बुधवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

## स्व. राजेश पायलट थे किसानों व मजदूरों के सच्चे हितैषी : रामचंद्र गुर्जर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 11 जून।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर नई अनाज मंडी ढांड में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र गुर्जर ढांड के प्रतिष्ठान पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में गुर्जर धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान ऋषिपाल कसाना ने शिरकत की। जबकि अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र गुर्जर ढांड ने की। प्रधान ऋषिपाल कसाना, रामचंद्र गुर्जर व अन्य गण्यमान्य लोगों ने राजेश पायलट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन कर याद किया। कांग्रेसी नेता रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि स्व. राजेश पायलट सभी समाजों में आपसी सद्भावना व सहयोग के प्रतीक थे। राष्ट्र सेवा एवं जनकल्याण उनका सर्वप्रथम लक्ष्य रहा है। अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए आजीवन लोगों के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि आमजन के दिलों में उनके प्रति आज भी बड़ा आदर है तथा उनके द्वारा किए कार्यो को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। राजेश पायलट की कार्यशैली व ईमानदारी का सभी राजनेता आज भी सम्मान करते है। स्व. राजेश पायलट किसान, गरीब, मजदूर और पिछड़े वर्ग के लोगों को हमेशा मुख्यधारा में लाने की विचारधारा के पक्षधर रहे और उनके द्वारा देश निर्माण में कई महत्वपूर्ण कार्य योगदान के रूप में आज भी याद किए जाते हैं। कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र गुर्जर ने कहा कि देश का युवा, किसान, पिछड़ा वर्ग स्व. राजेश पायलट को अपना आदर्श मानता है।

## हवाई फायर करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपी काबू

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 11 जून।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए सभी क्राइम युनिटे व थाना प्रभारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिसकी पालना में थाना सदर जींद की पुलिस टीम ने हवाई फायर करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमन वासी गांव राजथल व पंकज वासी पेटवार जिला हिसार के रूप में हुई है।

जानकारी देते हुए पुलिस चौकी हांसी रोड जींद इंचार्ज ने बताया कि समुद्र सिंह गांव राजपुरा भैण ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने जीन्द हांसी रोड पर अपनी खेती की जमीन में श्री राम धर्म कांटा के नाम से कांटा लगा रखा है। दिनांक 18.05.25 को उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया जो सामने वाले ने अपना नाम रिषी बतलाया और उसे जान से मारने धमकी दी। उसके बाद समय करीब 9 बजे रात को रिषी वासी राजपुरा ने अपने साथियों के साथ क्रेटा गाड़ी में जिसमें से रिषी व शक्ति वासी राजपुरा भैण व दो अन्य लडके गाडी से उतरे और उसके धर्म कांटा पर आकर वहां मौजूद संदीप वासी नारनोंद से उसके बारे में पूछताछ की और जब वह धर्मकांटा पर नहीं मिला तो कैमरे के सामने खड़े होकर गालियां दी व एक हवाई फायर किया और उसके बाद रिषी ने अपने साथियो के साथ उसे कैमरे के सामने जान से मारने की धमकी देकर गाड़ी में बैठकर भाग गये। जिसकी शिकायत पर आरोपियों द्वारा हवाई फायर करने व जान से मारने की धमकी देने के खिलाफ थाना सदर जींद में मुकदमा नंबर-165 दिनांक 18.05.2025 को मामला दर्ज कर लिया गया था। मामले को पुलिस ने संज्ञान में लेते हुए सहायक उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे व गुप्त सूचना के आधार पर मामले में शामिल दो आरोपी अमन वासी गांव राजथल व पंकज वासी पेटवार जिला हिसार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अब भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने का जिम्मा संभालेगी सुगम स्वच्छता एजेंसी

**चंडीगढ़, 11 जून।** यूटी पुलिस नॉर्थ ईस्ट डिविजन की थाना आईटी पार्क पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले में हाउस कीपिंग का काम करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान इंद्रा कॉलोनी मनीमाजरा के रहने वाले 28 वर्षीय मोनू कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना आईटी पार्क की प्रभारी इंस्पेक्टर ऊषा रानी की टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ 10 जून को एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस पार्टी रेलवे फाटक टर्न रोड न्यू इंद्रा कॉलोनी मनीमाजरा के पास पहुंची तो रेलवे फाटक की तरफ से आ रहा एक युवक पुलिस पार्टी को देखकर एकदम से पीछे की तरफ मुड़ गया।और तेज कदमों से चलने लगा। जब पुलिस को मामले में शक हुआ तो उसे रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसकी पेंट की दाहिनी जेब से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने कोई लाइसेंस या परमिट दिखाने के लिए कहा तो वह दिखा नहीं पाया। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी हाउस कीपिंग का काम करता है। जिसके खिलाफ थाना आईटी पार्क में धारा 68(1)बी पीपी एक्ट एंड 510 आईपीसी के तहत एक फरवरी 2020 को मामला दर्ज पाया गया है। जानकारी के अनुसार इससे पहले भी थाना आईटी पार्क की प्रभारी इंस्पेक्टर ऊषा रानी की टीम ने अपराधिक वारदातो को अंजाम देने वालों और खासतौर पर नशीला पदार्थो की सप्लाई करने वालों पर पूरी तरह से शिकंजा कस रखा है। उनका कहना है कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते अगर किसी भी अपराधी ने एरिया में किसी भी वारदात को अंजाम दिया तो पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

सम्पादकीय

# भारतीय प्रतिनिधिमंडलों ने दुनिया को समझा दिया पाक का सच

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का सच विश्व के सामने लाने के प्रयोजन से गए सभी भारतीय प्रतिनिधिमंडल अब स्वदेश लौट आए हैं। इन प्रतिनिधिमंडलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिस प्रकार की रिपोर्ट सौंपी है, वह बताती है कि भारत अपनी उस रणनीति में सफल रहा है, जोकि उसने पाकिस्तान के खिलाफ प्रयोग में लाई। एक तरफ आतंक पोषक देश पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई की गई वहीं इसके बाद उसकी ओर से जम्मू-कश्मीर में फैलाए जा रहे आतंकवाद का सच भी सामने लाया गया। निश्चित रूप से सभी प्रतिनिधिमंडलों ने पूरी दुनिया को सही से अवगत करवा दिया है कि आज की तारीख में पाक किस प्रकार न केवल भारत अपितु पूरी दुनिया के लिए चिंता का सबब बन चुका है। इन प्रतिनिधिमंडलों को अमेरिका, यूरोपीय और अरब देशों में काफी सहयोग हासिल हुआ है और अमेरिका ने तो साफ शब्दों में कहा है कि आतंक के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ है। भारतीय प्रतिनिधिमंडलों की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इनमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों को शामिल किया गया और विपक्ष के सांसदों ने उन्हें सौंपे काम को जिस जिम्मेदारी से पूरा किया है, उसने देश के अभिमान को और बढ़ा दिया है। ऐसी रपट सामने आ रही है कि प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी सांसदों को ज्यादा गंभीरता से सुना और उनसे रिपोर्ट ली। दरअसल, यह जरूरी भी है, क्योंकि देश में कांग्रेस समेत कई अन्य राजनीतिक दलों के स्वर ऑपरेशन सिंदूर पर भी कुछ अलग रहे। हालांकि विदेश गए सांसदों ने यह भूला दिया कि वे किस पार्टी के प्रतिनिधि हैं, इस दौरान उन्हें सिर्फ यह याद था कि वे भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जोकि आज आतंकवाद की सबसे ज्यादा तपिश झेल रहा है।

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने मुंह की खाने के बावजूद पाकिस्तान अब भारत से बातचीत का राग अलाप रहा है और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कई बार दोहरा चुके हैं कि वे वार्ता को तैयार हैं। निश्चित रूप से बीते वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ है, जब भारत ने अपनी शर्तों पर एक दुश्मन देश को इतना मजबूर कर दिया है कि उसके मुंह से अब वार्ता के शब्द निकलने लगे हैं। हालांकि पाकिस्तान के हुक्मरानों के कई चेहरे होते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। ऐसी रिपोर्ट आ रही हैं कि एक तरफ पाक के प्रधानमंत्री जहां वार्ता के संकेत भेज रहे हैं, वहीं देश के अंदर आतंकियों की गतिविधियां और ज्यादा बढ़ गई हैं**

बीते दिनों विदेश मंत्री एस जयशंकर का एक और बयान सामने आया है, जिसमें वे पूरी प्रखरता से कह रहे हैं कि अगर भारत में आतंकवादी वारदात हुई तो फिर से पाकिस्तान के अंदर जाकर वार करेंगे। निश्चित रूप से जयशंकर जो कह रहे हैं, वह हर आम भारतीय के मानस में दर्ज हो चुका है। पाकिस्तान जैसे देश के साथ यही होना चाहिए। बातचीत का दौर अब बीत चुका है और जिस प्रकार से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि आतंक और वार्ता अब साथ-साथ नहीं चल सकते तो यह उचित ही है। विदेश गए प्रतिनिधिमंडलों ने भारत की विदेश नीति की इस सोच को भी अच्छे से समझाया है कि अब भारत चुप नहीं रहेगा और आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देगा।

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने मुंह की खाने के बावजूद पाकिस्तान अब भारत से बातचीत का राग अलाप रहा है और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कई बार दोहरा चुके हैं कि वे वार्ता को तैयार हैं। निश्चित रूप से बीते वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ है, जब भारत ने अपनी शर्तों पर एक दुश्मन देश को इतना मजबूर कर दिया है कि उसके मुंह से अब वार्ता के शब्द निकलने लगे हैं। हालांकि पाकिस्तान के हुक्मरानों के कई चेहरे होते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। ऐसी रिपोर्ट आ रही हैं कि एक तरफ पाक के प्रधानमंत्री जहां वार्ता के संकेत भेज रहे हैं, वहीं देश के अंदर आतंकियों की गतिविधियां और ज्यादा बढ़ गई हैं। आतंकियों के लिए फंडिंग तेज हो गई है, बैठकों और जुलूस आदि के जरिये आतंकियों के सरगना जनता को भारत के प्रति नफरत से भरने में जुटे हुए हैं। यानी फिर से जम्मू-कश्मीर में किसी नई आतंकी हरकत की तैयारी हो सकती है। हालांकि यह तय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की हवाइयां उड़ रही हैं और उसके नेता दूसरे देशों में जाकर बड़े फख्र के साथ यह बता रहे हैं कि प्रकार भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों ने पाक में तबाही का मंजर पैदा कर दिया। इस दौरान वे यह भी बताना नहीं भूलते किस प्रकार एक कायर सेना प्रमुख ने उन्हें इसकी सूचना दी कि भारत ने हमला कर दिया। हालांकि अब तो यह भी सामने आया है कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने अमेरिका को ही आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया है। उनका कहना है कि अमेरिका ने जिस तरह से अफगानिस्तान से वापसी की है, उसके बाद से पाक के लिए हालात खराब हो गए हैं। वे अपने देश की परिस्थितियों को भी जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। दरअसल, पाकिस्तान के संबंध में कुछ भी निश्चित नहीं है, हालांकि भारत ने दुनिया में अपनी भूमिका को और मजबूत बना लिया है। विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके देश से आखिर इसी की अपेक्षा की जाती है। पक्ष-विपक्ष अगर इसी तरह मिलकर काम करें तो देश की शत प्रतिशत तरक्की संभव है।

# साइबर अपराधियों के बढ़ते हौसले, आमजन में शिकायत की जानकारी का अभाव



देश दुनिया में साइबर अपराध के बढ़ते आंकड़े जहां चिंतित करने वाले हैं वहीं यह और भी आश्चर्यजनक और चिंताजनक हालात है कि लाख अवेयरनेस प्रोग्राम व मीडिया में आये दिन साइबर ठगी के समाचारों की भरमार के बावजूद देश में केवल 18 फीसदी लोग ही ऐसे हैं जिन्हें साइबर अपराध होने पर उसकी शिकायत कहां और कैसे करनी है कि जानकारी है। यह तो सरकारी आंकड़ा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जनवरी-मार्च, 2025 में कराये गये ताजातरीन सर्वे से यह आंकड़ें प्राप्त हुए हैं। दूसरी और यूपीआई से भुगतान में खासा बढ़ोतरी हुई हैं। आज ठेले पर सब्जी बेचने वाले से लेकर दो-पांच रुपए का सामान विक्रेता भी आसानी से यूपीआई से भुगतान प्राप्त कर रहा है। 2022-23 में जहां केवल 38 फीसदी लोग ऑनलाइन पेमेंट करते थे वह आज बढ़कर 50 प्रतिशत के लगभग हो गया है। वास्तविकता तो यह है कि आज ऑनलाइन पेमेंट करना लोगों की आदत में आ गया है। जेब में रुपया-पैसा रखना या कहीं जाते समय साथ पैसा लेजाना लोगों की आदत में अब लगभग नहीं ही रहा है। पर तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद है और पिछले तीन सालों में ही साइबर अपराध के आंकड़ें तीन गुणा बढ़ गए हैं। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आज मोबाइल पर किसी का नंबर डायल करते ही पहले साइबर अपराध से सचेत रहने की कॉलर ट्यून सुनने को मिलती है और उसके बाद बात होती है।

मोबाइल पर नंबर मिलाते ही नहीं अपितु सोशियल मीडिया के प्लेटफार्म खासतौर से इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि पर आजकल साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन या ब्लेक मेलिंग से सतर्क रहने का संदेश सुनने को मिलता है। इतने के बावजूद ठगी के आंकड़ें चेताने वाले हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगी के इन रुपों से सबसे अधिक शिकार पढ़े लिखे और समझदार लोग ही हो रहे हैं। लाख समझाइस के बावजूद एक और ठगों के हौसले बुलंद है तो ठगी के शिकार होने वाले लोगों की संख्या और राशि में मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हांलाकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए।

ऐसा नहीं है कि साइबर अपराध केवल और केवल भारत में हो रहे हैं अपितु यह विश्वव्यापी समस्या होती जा रही है। दुनिया के देशों में देखा जाए तो साइबर ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान तो यूक्रेन दूसरे स्थान पर है। इनके बाद चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों सारी दुनिया में सहज पहुंच है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और हौशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा की यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं।

हमारे देश में साइबर ठग या तो किसी तरह का लालच देकर लिंक भेजकर ठगी करते हैं या फिर ड़रा धमकाकर आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। सरकार प्रचार के सभी माध्यमों से बार बार व लगातार आगाह कर रही है कि ठगों द्वारा ड़राने वाले तरीके वास्तविक नहीं है। बैंक कभी भी बैंक डिटेल या ओटीपी ऑनलाइन नहीं मांगते पर पता नहीं कैसे ठगों के जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा बैठते हैं। ओटीपी दे देते हैं तो लिंक खोलने के लिए लाख मना करने के बावजूद लिंक खोलकर लुट जाते हैं। पुलिस अधिकारी बन कर जिस तरह से डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का रास्ता अपनाया जा रहा है उस संबंध में अवेयरनेस अभियान के बावजूद ठगी का शिकार होने वालों की संख्या या राषि में कमी नहीं हो रही है। डिजिटल अरेस्ट में डॉक्टर, रिटायर्ड जज, प्रोफेसर, प्रशासनिक अधिकारी सहित संभ्रात वर्ग के लोगों को आसानी से जाल में फंसाकर ठगी हो रही हैं वह भी करोड़ों तक की ठगी के उदाहरण मिल रहे हैं। झूठे मामलों में परिजनों को फंसने से बचाने का झांसा देकर ठगी हो रही है। मजे की बात यह है कि इस स्तर तक ड़र या भयाक्रांत हो जाते हैं कि किसी अन्य या पुलिस से समस्या साझा करने की हिम्मत भी नहीं कर पाते और ठगी के बाद हाथ मलते रह जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट के मामलें तो दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। दरअसल इसमें पुलिस, सरकारी जांच एजेंसी या प्रवर्तन निदेशालय के नकली अधिकारी बन कर इस कदर ड़रा देते हैं कि कई दिनों तक लगातार ऑडियो या वीडियो कॉल करके ठगी का शिकार बना लेते हैं।

ऐसा नहीं है कि सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी हो। सरकार व वित्तदायी संस्थाओं द्वारा मीडिया के माध्यम से सजग किया जा रहा है। इसके साथ ही झारखण्ड के बड़े केन्द्र जमातड़ा को लगभग समाप्त कर ही दिया है। पर देष में 74 हॉट स्पॉट विकसित हो गए हैं। इनमें हरियाणा का नूंह, राजस्थान का डीग, झारखण्ड का देवघर, राजस्थान का अलवर और बिहार का नालंदा पहले पांच हॉट स्पॉट हो गए हैं। मीडिया द्वारा भी समय समय पर स्ट्रिंग कर इस तरह के केन्द्रों को एक्सपोज किया है पर ठगी कम होने को ही नहीं है। दरअसल आमनागरिकों को भी सजग होना ही होगा। अनजान नंबरों पर बात ही ना करें। ज्योंही कोई डराये धमकायें तो बहकावें में आने के स्थान पर पड़ताल करें। इस तरह के हालात सामने आये तो परेशान होने के स्थान पर परेशानी को साझा करें, पुलिस का सहयोग लेने में भी संकोच ना करें। देखा जाए तो सजगता इस समस्या का समाधान हो सकती है। सबसे ज्यादा जरुरी यह हो जाता है कि लाख सजगता के बावजूद भी यदि साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो उस स्थिति में बिना किसी घबराहट और संकोच के कहां ओर कैसे शिकायत की जा सकती है इसकी जानकारी देने के लिए सरकारी संस्थाओं के साथ ही गैरसरकारी संगठनों को भी आगे आना होगा नहीं तो साइबर अपराध का जिस तरह से दायरा दिन दूनी रात चौगुनी गति से बढ़ रहा है उस पर अंकुश नहीं लग सकेगा।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### चार खाड़कुओं सहित 9 मरे

**चंडीगढ़।** पंजाब में दो खूंखार खाड़कुओं सहित चार खाड़कू मारे गए। एक कांस्टेबल व तीन अन्य व्यक्तियों के मारे जाने का समाचार है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लुधियाना जिला के लोहाणा गांव के निकट हुई एक मुठभेड़ में भिंडरावाला टाइगर फोर्स के दो खूंखार खाड़कू रछपाल सिंह उर्फ पप्पी और जगदीश उर्फ देशा मारे गये। उनके कब्जे से ए.के. 47 के अलावा 25 किलो विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई।

तरनतारन पुलिस जिला में हुई मुठभेड़ में दो अन्य खाड़कू मारे गए। जबकि फतेहगढ़ जिला में भाखड़ा मेन लाइन पर गश्त कर रही पुलिस पार्टी पर किये गये खाड़कुओं के हमले में एक सिपाही मारा गया और तीन घायल हो गए। इसी तरह बटाला पुलिस जिला में खाड़कुओं ने सीमा सुरक्षा बलों पर हमला करके तीन जवानों को घायल कर दिया। होशियारपुर जिला मे खाड़कुओं से हुई मुठभेड़ में पुलिस ने एक खाड़कू को पकड़ने में सफलता हासिल की।

इसी बीच फरीदकोट जिला के गांव लांगियाना में तीन व्यक्तियों को मौत के घाट उतार दिया और पांच को घायल कर दिया।

### पुलिस कर्मियों द्वारा युवका का अपहरण

**चंडीगढ़।** सेक्टर 28 में एक 28 वर्षीय युवक को पंजाब पुलिस के पाांच कर्मी घर से उठाकर ले गए। ये अपहरण पैसों के लेन-देन के चक्कर में किया गया बताया जाता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपहण के समय घर पर अपहृत युवक के अतिरिक्त उसकी माता थी, जब इस महिला ने उन लोगों को रोकने का प्रयत्न किया तो उन्होंने उसे भी साथ ले जाने की धमकी दे डाली। अपहृत युवक की माता के अनुसार अपहरणकर्ता पुलिस कर्मियों से जब उन्होंने पूछा कि उसे कहां ले जा रहे हैं, तो उनका कहना था कि उसे मोहाली पुलिस चौकी लेकर जा रहे हैं। लेकिन अब बताया जाता है कि मोहाली व चंडीगढ़ के तमाम पुलिस स्टेशन इस संबंध में अपनी अनभिज्ञता जाहिर करते हैं।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1849: गैस मास्क के लिए लुई हैस्लेटो को पेटेंट मिला।

1897: असम में भूकंप से करीब 1500 लोगों की मौत हुई।

1929: दूसरे विश्व युद्ध के दौरान नाजियों के जुल्म का शिकार बनी यहूदी लड़की एनी फ्रेंक का जन्म। नाजियों की कैद के दौरान लिखी गई एनी की डायरी को बाद में किताब के रूप में छापा गया।

1962: अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को की खाड़ी में स्थित कड़ी सुरक्षा वाले कारागार एलकटराज से तीन क़ैदी भाग निकले। इस जेल को सुरक्षा के हिसाब से अकाट्य माना जाता था और यहां सबसे गंभीर अपराधों वाले कैदियों को रखा जाता था।

1964: अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ आंदोलन की अगुवाई करने वाले अश्वेत नेता नेल्सन मंडेला को सरकार के खिलाफ साजिश का दोषी ठहराते हुए उम्र क़ैद की सजा।

1972: महात्मा गांधी के जीवन पर आठ खंड का ग्रंथ लिखने वाले डी.जी. तेंदुलकर का निधन

1975: इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनाव में सरकारी मशीनरी के गलत इस्तेमाल का दोषी पाया और उनके निर्वाचन को अमान्य करार दिया।

1990: इंडियन नेशनल सैटेलाइट (इनसैट-1डी) को लॉन्च किया गया।

1994: बोइंग-777 ने अपनी पहली उड़ान भरी। उस समय इस विमान में दुनिया का सबसे बड़ा ट्विन जेट इंजन लगाया गया था।

1998: भारत और पाकिस्तान को परमाणु परीक्षण के कारण जी-8 के देशों द्वारा ऋण नहीं देने का निर्णय।

2005: फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन दोहराया।

2007: ऑस्ट्रेलिया के स्कूलों में सिख छात्रों को धार्मिक प्रतीक कृपाण रखने की इजाजत मिली।

2013: भारत में 163 साल से चली आ रही टेलीग्राम सेवा को बंद करने की घोषणा की गई। 15 जुलाई 2013 के दिन देश में आखिरी टेलीग्राम भेजा गया।

## बोल ब्यूटीफुल

**राहुल शिवशंकर:** जस्टिस वर्मा से लेकर आईएएस अधिकारी धीमन चकमा में एक बात साझा है दोनों के यहां भारी मात्रा में नकदी मिली। हालांकि जस्टिव वर्मा आजाद हैं, जबकि चकमा को गिरफ्तार कर लिया गया। निष्कर्ष यह कि कानून सब पर समान रूप से लागू नहीं होते। नोटबंदी का प्रभाव बहुत कम समय तक रहा और भारतीयों में सिस्टम से धोखा करने की आदत गहराई तक समाई हुई है।



**मनोज सिंह:** अमेरिका का लास एजिलिस धू-धूकर जल रहा है। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर का फर्जी दावा करने वाले डोनाल्ड ट्रंप कुछ नहीं कर पा रहे। घुसपैठिए तथा कथित शरणार्थी अमेरिका को जला रहे हैं।



ईएसआई अस्पताल में संविदा कर्मचारियों से रिश्वत और अवैध बर्खास्तगी का मामला उजागर

## आप अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने उठाई कड़ी आपत्ति

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 11 जून।** चंडीगढ़ के ईएसआई अस्पताल, रामदरबार फेज़-2 से एक गंभीर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। नए ठेकेदार द्वारा वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों से ?40,000 की रिश्वत मांगी गई। जब कर्मचारियों ने देने से इनकार किया, तो उन्हें जबरन नौकरी से निकाल दिया गया। हैरानी की बात यह है कि उनकी जगह ठेके पर नए कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है, जिनसे लाखों रुपये रिश्वत के तौर पर मांगे जा रहे हैं। साथ ही, निकाले गए कर्मचारियों को पिछले महीने की तनख्वाह भी नहीं दी गई है।

आप चंडीगढ़ के अध्यक्ष श्री विजयपाल सिंह ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा- 'यह केवल भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि मेहनतकश कर्मचारियों की गरिमा और आजीविका पर सीधा हमला है। आम आदमी पार्टी प्रशासन से मांग करती है कि ठेकेदार के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाए। प्रशासन की निष्क्रियता यह संकेत देती है कि ऐसे शोषण को सहन किया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है।'

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यह मुद्दा पहले प्रशासक सलाहकार परिषद की बैठक में उठाया गया था, जहां उन्होंने स्वयं एक ज्ञापन सौंपकर आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों की रक्षा और ठेका नियुक्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट नीति बनाने की मांग की थी।

आप के महासचिव श्री ओंकार सिंह औलख ने कहा-'यदि प्रशासन ने इस पर तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो आम आदमी पार्टी सभी कानूनी विकल्पों का सहारा लेकर प्रभावित कर्मचारियों को न्याय दिलाने का कार्य करेगी।'

आम आदमी पार्टी की मुख्य मांगों में अन्यायपूर्ण रूप से निकाले गए कर्मचारियों की तुरंत बहाली, बकाया वेतन और देनदारियों का तुरंत भुगतान, रिश्वत मांगने और अवैध बर्खास्तगी की उच्च स्तरीय जांच, ठेकेदार व शामिल अधिकारियों के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई, आउटसोर्स कर्मचारियों के संरक्षण के लिए स्पष्ट नीति लागू करना शामिल है।

## 11वर्ष में भाजपा ने बढ़ाई गरीब अमीर की खाई

### आज आर्थिक असमानता 80 साल पहले के ब्रिटिश इंडिया से भी ज़्यादा

भाजपा के कुशासन ने सुन्दर शहर चण्डीगढ़ को बर्बाद किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 11 जून।** चंडीगढ़ कांग्रेस ने भाजपा के 11 साल के कुशासन की कड़ी आलोचना करते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार पर पूरे भारत की अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार देने का आरोप लगाया है।

चंडीगढ़ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा की सरकार के 11 साल के कुशासन के कारण आज पूरे देश का ग्रामीण इलाका संकटग्रस्त है और देश के शहरों को प्रदूषण युक्त, न रहने लायक गन्दी बस्तियों में बदल दिया है।उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ के लोगों से बेहतर कौन जानता हैं कि भाजपा के 11 साल के कुशासन ने इस महान शहर को कहां से कहां पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि ÷जिस शहर को केवल 11 वर्ष पहले दुनिया भर में सिटी ब्यूटीफुल के रूप में जाना जाता था, वह आज टूटी सड़कों, प्रदूषण, ट्रैफ़िक जाम और जगह जगह गन्दगी के ढेरों वाले शहर में बदल चुका है। चण्डीगढ़ के नागरिक जीवन में गिरावट वर्ष 2014 में शुरू हुई, जब भाजपा ने आम चुनाव जीता। अब, शहर हर मोर्चे पर समस्याओं का सामना कर रहा है, जिसमें धन की भारी कमी, यातायात और पार्किंग की समस्या और इसके निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में समग्र गिरावट शामिल है÷। उन्होंने आगे कहा कि एक वर्ष पूर्व जीते कांग्रेसी सांसद मनीष तिवारी चण्डीगढ़ को वापस पटरी पर लाने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं पर उसमें भी भाजपा के केन्द्रीय नेता एवं मंत्री जानबूझकर रोड़े अटका रहे हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर पर केंद्र की भाजपा सरकार के निराशाजनक प्रदर्शन को छिपाने के लिए झूठे और भ्रामक आंकड़े पेश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि शहर के भाजपा के मेयर को अपने वार्ड में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए भीख का कटोरा लेकर आम जनता से धनराशि इकट्ठा करनी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ की जनता के सामने झूठे आंकड़े पेश करने के लिए दिल्ली से आए भाजपा के मंत्री को चंडीगढ़ की जनता की थोड़ी सी भी चिंता होती तो, वह नगर निगम को वित्तीय संसाधनों की कमी से निपटने के लिए कुछ राशि मंजूर करवा के जाते।

केंद्र सरकार की विभिन्न विफल परियोजनाओं के संबंध में केन्द्रीय मंत्री द्वारा पेश किए गए अतिरंजित आंकड़ों को केवल झूठ का पुलिंदा बताते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जमीनी स्तर पर वास्तविक स्थिति बहुत ही भयावह है। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता के स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि देश के शीर्ष 1त्न भारतीय देश की कुल आय का 23त्न कमाते हैं और नीचे के 50त्न लोग केवल कुल आय का 15त्न ही कमा पा रहे हैं। देश में आर्थिक असमानता पिछले 100 वर्षों में आज सबसे अधिक है। इस संबंध में स्थितियां आज की तुलना में 80 साल पहले के ब्रिटिश भारत में भी बेहतर थी। उन्होंने कहा कि आर्थिक असमानता में ऐसी अभूतपूर्व वर्द्धि इसलिए हो पाई क्योंकि पिछले 11 सालों में भाजपा ने सुनियोजित तरीके से केवल अति धनाढ्य और अमीर लोगों के लिए ही काम किया है और किसानों, मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोगों को नुकसान पहुंचाते हुए लगभग सभी सार्वजनिक संपत्तियां और कारोबार अमीर उद्योगपतियों के हाथों में सौंप दिए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने केंद्रीय मंत्री और अन्य भाजपा नेताओं से आग्रह किया कि वे आम लोगों से बात करके उनकी समस्याओं और कठिनाइयों के बारे में जानें और उनके उत्थान के लिए नीतियां बनाएं, अन्यथा देश में व्याप्त आर्थिक संकट और भी गहरा कर देश के आर्थिक विनाश का कारण बन सकता है।

## पीर मुच्छल्ला में सरकारी जमीन पर फिर से शुरू हुए ठेके के अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त किया



नगर परिषद ने अनाधिकृत निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 11 जून।** नगर परिषद जीरकपुर ने आज सुबह सरकारी जमीन पर फिर से शुरू हुए ठेके के अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया। साथ ही नगर परिषद ने भविष्य में ऐसी गलती दोहराने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जज ने बताया कि 29 मई को स्थानीय निकाय विभाग, पंजाब के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह व अन्य उच्च अधिकारियों के जीरकपुर शहर के दौरे के दौरान आम लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर ठेके के अनाधिकृत निर्माण की बात मंत्री के ध्यान में लाई गई थी, जिस पर नगर परिषद ने कार्रवाई करते हुए मौके पर ही इस अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त/हटा दिया था। हालांकि, कल सरकारी जमीन पर फिर से ठेके के अनाधिकृत निर्माण की सूचना मिलने पर नगर परिषद की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आज इस अनाधिकृत निर्माण को फिर से ध्वस्त कर दिया। कार्यकारी अधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि भविष्य में कोई भी अनाधिकृत निर्माण न करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि स्थानीय सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार नगर परिषद से नक्शा स्वीकृत करवाकर ही निर्माण किया जाए तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति/अनधिकृत निर्माणकर्ता के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आत्मनिर्भर हिमाचल के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम सुक्खू

हिमाचल की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि और बागवानी पर निर्भर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 11 जून।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है, जिसके लिए पिछले अढ़ाई वर्षों के दौरान विभिन्न प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह सपना केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करके ही साकार किया जा सकता है क्योंकि हिमाचल की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि और बागवानी पर निर्भर है। इसलिए कृषक समुदाय की आर्थिकी को मजबूत करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्राकृतिक खेती से उत्पन्न जैविक उत्पादों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। प्रदेश सरकार ने मक्की की खरीद पर एमएसपी दो बार बढ़ाई है। पहली बार एमएसपी 30 रुपये और उसके बाद 40 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित की गई। इसी प्रकार गेहूं की खरीद पर एमएसपी पहले 40 रुपये और उसके बाद बढ़ाकर 60 रुपये प्रति किलोग्राम की है। इसके अलावा, कच्ची हल्दी के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार 90 रुपये प्रति किलोग्राम का एमएसपी प्रदान कर रही है। राज्य सरकार ने हिम-भोग हिम-मक्की ब्रांड नाम से प्राकृतिक खेती से उत्पादित मक्की का आटा उपलब्ध करवाया है। यह उत्पाद सतत कृषि और किसानों को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर राज्य के 10 जिलों में प्राकृतिक खेती करने वाले 1590 किसान परिवारों से 4,000 क्विंटल से अधिक मक्की की खरीद की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आलू का उत्पादन बढ़ाने के लिए ऊना जिले में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से आलू प्रसंस्करण प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, प्रदेश में उत्पादित मसालों को नई पहचान दिलाने के लिए हमीरपुर जिले में स्पाइस पार्क विकसित करने की योजना भी तैयार की गई है।

श्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से हिम-भोग हिम-मक्की का आटा उपलब्ध करवाया है। हिम-भोग हिम-मक्की आटा सरकार द्वारा प्राधिकृत पोर्टल हिम-ईरा पर भी बिक्री के लिए उपलब्ध है। इस पहल का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण दोनों आबादी के लिए प्राकृतिक रूप से उगाई गई मक्की का आटा सुलभ उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि लगभग 400 मीट्रिक टन मक्की की खरीद के लिए 1.20 करोड़ रुपये सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित किए गए हैं। इस वित्त वर्ष से सरकार ने कच्ची हल्दी के लिए एमएसपी प्रदान करने का निर्णय लिया है जिसे 'हिमाचल हल्दी' ब्रांड नाम से प्रसंस्करण और विपणन किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने चरणबद्ध तरीके से 9.61 लाख किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कांग्रेस अढ़ाई साल पहले सत्ता में आई थी, तो उन्होंने पाया कि किसान ऋण राशि चुकाने के लिए मजबूरी में अपनी जमीन बेच रहे हैं। हमारी सरकार ने ऐसे किसानों को एकमुश्त निपटान के रूप में ब्याज अनुदान योजना के माध्यम से सहायता करने का निर्णय लिया, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो अपनी जमीन बेचने के लिए मजबूर थे।

यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है बल्कि किसानों को सशक्त बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के प्रति समर्पण को भी दर्शाती है, जिससे हिमाचल सतत कृषि विकास में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है।

### प्राकृतिक खेती की ओर केंद्रित कर रहे किसान अपना ध्यान

उन्होंने कहा कि पिछले अढ़ाई वर्षों के दौरान कृषि अर्थव्यवस्था में बदलाव देखा जा रहा है, जिसमें किसान अपना ध्यान प्राकृतिक खेती की ओर केंद्रित कर रहे हैं। राज्य में बड़ी संख्या में किसानों ने रसायन मुक्त खेती को अपनाया है, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि प्रदेश की लगभग सभी पंचायतों के 2,23,000 किसानों और बागवानों ने आंशिक या पूर्ण रूप से प्राकृतिक खेती को अपनाया है। सरकार ने किसानों के लिए अतिरिक्त आय सृजन के विकल्प तलाशने, उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने, गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध करवाने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और सुदृढ़ीकरण, फसल बीमा प्रदान करने, प्रशिक्षण प्रदान करने और कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया है।

# एस टी ई एम कार्यशाला ने शिक्षण को अनुभवात्मक एवं नवाचारपूर्ण बनाने की दिशा पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर




**सोलन, 11 जून।** गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोलन में बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तत्वावधान में ÷प्रेरणादायक स्ञ्चश्वरू शिक्षकों के माध्यम से अनुभवात्मक शिक्षा÷ विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से आए शिक्षकों ने रसायन, जीवविज्ञान, गणित, कंप्यूटर, इतिहास, विज्ञान तथा अंग्रेज़ी भाषा जैसे विषयों को स्ञ्चश्वरू (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियान्त्रिकी एवं गणित) के परिप्रेक्ष्य में जोड़ते हुए अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। प्रस्तुतकर्ताओं में गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन से आठ अध्यापक शामिल रहे-नेहा वर्मा (पीजीटी रसायन), सारिका गुलेरिया (टीजीटी विज्ञान), ज्योति चौधरी (पीजीटी जीवविज्ञान), कुसुम (पीजीटी गणित), यश पुनिया (टीजीटी कंप्यूटर, बाल भारती पब्लिक स्कूल सोलन), प्रियंका (पीजीटी इतिहास), हर्षा (टीजीटी गणित), अंशु पांटा(पीजीटी अंग्रेज़ी) और उज्ज्वल वालिया (पीजीटी अर्थशास्त्र)। इन सभी प्रस्तुतकर्ताओं ने यह प्रभावी रूप से दर्शाया कि कैसे कक्षा कक्ष की सीमाओं से बाहर निकलकर छात्रों को प्रयोग आधारित, परियोजना आधारित, अंतर्विषयक एवं अनुभवात्मक शिक्षण प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने यह भी दर्शाया कि स्ञ्चश्वरू केवल एक शैक्षणिक दृष्टिकोण नहीं, बल्कि छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, समस्या समाधान की क्षमता, सहयोगात्मक कार्यशैली और रचनात्मक अभिव्यक्ति को विकसित करने का एक प्रभावशाली माध्यम है। शिक्षकों ने अपनी प्रस्तुतियों में डिजिटल उपकरणों, डेटा विश्लेषण, रोबोटिक्स, कोडिंग, गणितीय मॉडलिंग, भाषा व इतिहास में तकनीकी एकीकरण जैसे नवाचारों का समावेश करते हुए स्ञ्चश्वरू को वास्तविक जीवन से जोड़ने के प्रभावशाली उपाय प्रस्तुत किए।

कार्यशाला में प्रस्तुत शोधपत्रों का मूल्यांकन करने हेतु सीबीएसई द्वारा नामित प्रशंसा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे, जिनमें सम्मिलित थे÷ डॉ. राहुल श्रीवास्तव, (प्रोफेसर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, जेपी विश्वविद्यालय) वंदना शर्मा (प्रधानाचार्या, साई ब्लाइट इंटरनेशनल स्कूल, धर्मपुर) तथा विनोद कुमार शर्मा, (प्रधानाचार्य बाल भारती स्कूल, सोलन)। तीनों विशेषज्ञों ने प्रतिभागी शिक्षकों की तार्किक प्रस्तुति, शोध की गहराई, नवाचार की झलक और स्ञ्चश्वरू अवधारणाओं के प्रभावी एकीकरण की सराहना की।

# पानी की बूंद बूंद को तरसे चैल चौक व आसपास के लोग

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 11 जून।** पिछले कई दिनों से चैल चौक व आस पास के गांवों में पेयजल की समस्या गहराती जा रही है। चैल चौक के ग्रामीणों ने एसडीएम गोहर को एक शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा है कि साहब सरकारी नल तो हर घर आंगन में लगा मडर जल नहीं है। चैल चौक में पेयजल संकट गहरा गया है और समस्या कई महीनो से ज्यों की त्यों बनी हुई है।

इस बारे में स्थानीय लोगों नें मिडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलीभक्त कर कुछ लोगों को मैन लाइन से कनैक्शन देकर नियमित सप्लाई दी जा रही है परंतु गरीब जनता के नल सूखे पड़े हैं। विभाग द्वारा चैल चौक में डाली गई मेन लाइन में पर्याप्त पानी होने के बाद भी चैल चौक में पानी की समस्या मूंह बाएं खड़ी है और विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है।

स्थानीय लोगों ने समस्या बताते हुए कहा कि जब भी विभाग के अधिकारियों से बात करने कोशिश करते हैं तो वे मोबाइल फोन भी नहीं उठाते हैं जिससे विभाग के प्रति ग्रामीणों का गहरा रोष व्याप्त है।

लोगों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत चैल चौक में कई महीनों से पानी की समस्या चल रही है गरीब जनता को पानी करीब 4 महीने से नहीं मिल रहा है और विभाग अपने चहेतो को पानी मेंन लाइन से देकर उनकी डिमांड को पूरा कर रहा है। कुछ कर्मचारी कर्मचारी गरीब लोगों के साथ भेदभाव कर रहें है ।

पानी की समस्या को दूर करने के लिए जल शक्ति विभाग गोहर द्वारा लोगों को बार-बार आश्वासन दिया जा रहा हैं और नई पेयजल लाइन डालने की बात कहकर सेक्शन करवाने के नाम पर अभी तक विभाग पाइपों का न होने की बात कह कर टालमटोल कर रहा है और समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं।

विभाग की कार्य प्रणाली से तंग आकर चैल चौक के लोगों एसडीएम के माध्यम से शिकायत पत्र देते हुए अपनी समस्या रखते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि हर घर नल तो है पर जल नहीं है विभाग के कर्मचारियों की मिलीभक्त से कुछ खास लोगों को पानी दिया जा रहा है और गरीब जनता के नल सूखे पड़े है।

# 11500 फीट पर छितकुल में आधुनिक फल तकनीकों व प्राकृतिक खेती पर शिविर

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 11 जून।** विकसित कृषि संकल्प अभियानङ्क2025 के अंतर्गत डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी, सोलन के कृषि विज्ञान केंद्र, किन्नौर द्वारा 9 जून को आधुनिक फलवृद्धि तकनीकों व प्राकृतिक खेती पर आधारित एक प्रभावशाली जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हिमालयी दुर्गमता और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण, भारत-तिब्बत सीमा के समीप स्थित छितकुल पंचायत में सम्पन्न हुआ, जो समुद्र तल से 11,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस कार्यक्रम में स्थानीय किसानों, बागवानों, युवाओं, ग्राम पंचायत सदस्यों, आईटीबीपी के अधिकारी और जवानों की उत्साहजनक भागीदारी रही। यह आयोजन भारत-तिब्बत स्थानीय सीमा क्षेत्र के डिप्टी कमांडेंट के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के निदेशक (विस्तार शिक्षा), डॉ. इन्द्र देव ने मुख्य वक्तव्य दिया। उन्होंने बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और तेलंगाना जैसे विभिन्न राज्यों के स्थानीय भारत-तिब्बत सीमा में तैनात अधिकारियों और जवानों के साथ-साथ किसानों को प्राकृतिक खेती व आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया। उन्होंने स्थानीय संसाधनों के माध्यम से औद्यानिकी विविधीकरण और कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया।

डॉ. प्रमोद शर्मा, सह-निदेशक (अनुसंधान एवं प्रसार) एवं प्रमुख, केवीके किन्नौर ने अपने संबोधन में प्राकृतिक समाधान आधारित फल उत्पादन की शुरुआत करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने केवीके किन्नौर द्वारा अपनाई गई उच्च घनत्व तकनीक पर आधारित सीडलिंग रूटस्टॉक पर सेब उत्पादन के सफल प्रायोगिक मॉडल की जानकारी दी, जो जिला के सुंगरा, तेलंगी और नाको इत्यादि क्षेत्रों में प्रदर्शित हैं।

डॉ. अरुण नेगी, फल वैज्ञानिक ने स्थायी फल उत्पादन पद्धतियों पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि कैसे ये उपाय आय वृद्धि और पर्यावरण संरक्षण दोनों में सहायक हो सकते हैं। बागवानी विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को विभिन्न सरकारी योजनाओं और तकनीकी हस्तक्षेपों के बारे में अवगत कराया, जो बागवानी के उन्नयन में सहायक हो सकते हैं।

ग्राम पंचायत के उप-प्रधान राजेश ने स्थानीय किसानों से केवीके विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की अपील की, जिससे इस दुर्गम क्षेत्र में भी उत्पादकता और स्थायित्व सुनिश्चित किया जा सके। वहीं आईटीबीपी के एएसआई देवकी नंदन ने स्थानीय कृषि समुदाय और सुरक्षा बलों के गहरे आपसी संबंध को रेखांकित करते हुए और विशेष रूप से मस्तरंग कैंप जैसे क्षेत्रों में स्वावलंबी बागवानी उत्पादन को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

यह ऐतिहासिक शिविर आयोजन, हरित, आत्मनिर्भर और अधिक सशक्त हिमालयी कृषि व बागवानी व्यवस्था की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो भारत सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान की दृष्टि के साथ पूरी तरह समन्वित है।

# सोलन पुलिस ने जेल भेजा ये आदतन नशा तस्कर, प्रिवेंटिव एक्शन के तहत कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 11 जून।** जमानत पर बाहर आकर भी कई नशा तस्कर अवैध नशे के कारोबार को अंजाम दे रहे है। ऐसे मामलों में पुलिस आदतन नशा तस्करों पर नकेल कसते हुए प्रिवेंटिव डिटेंशन यानी निवारक हिरासत की कार्रवाई कर रही है। ऐसे ही एक मामले में सोलन पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करने वाले एक आदतन अपराधी सचिन ठाकुर निवासी गांव शिल्ली, डाकखाना दामकड़ी, तहसील व जिला सोलन पर निवारणात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 3(1) पीआईटी एनडीपीएस एक्ट 1988 के अंतर्गत हिरासत में लेकर 3 महीने के लिए जेल में भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी सचिन ठाकुर मादक पदार्थ की तस्करी का एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 2 मामले दर्ज हैं। पुलिस थाना सदर सोलन में दर्ज इन दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपी से 43 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद किया था । यह आरोपी इन मामलों में जमानत पर था, लेकिन फिर भी ये नशा तस्करी में लगातार सक्रिय रहा।

ये आरोपी बार-बार पकड़े जाने के बाद जेल से जमानत पर बाहर आकर फिर नशा तस्करी को अंजाम दे रहा था। लिहाजा, पुलिस ने प्रिवेंटिव एक्शन के तहत कार्रवाई की। बता दें कि इस कार्रवाई का मुख्य मकसद मादक पदार्थ तस्करी करने वाले आदतन अपराधियों को पुनः आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने से रोकना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मादक पदार्थ तस्करी करने वाले ऐसे 15 आदतन आपराधियों को निवारक हिरासत में रखने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजे गए हैं।

### सहकार भारती हिमाचल प्रदेश जिला बिलासपुर तहसील झंडुता कार्यकारिणी का गठन

# जगत राम शर्मा चुने गए झंडूत्ता तहसील के सहकार अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश/देशराज




सहकार भारती झंडुता तहसील कार्यकारिणी के गठन मौक़े पर उपस्थित पदाधिकारी

**बरठी, 11 जून।** झंडूता तहसील कार्यकारिणी का गठन लखपति मैरिज पैलेस सुन्हानी में किया गया। जिसमें जिला सहकार भारती से जिला अध्यक्ष देव दत शर्मा और जिला महामंत्री सुनील दत्त शर्मा ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में करीब 40 लोग उपस्थित थे। बैठक का प्रारंभ जिला संगठन प्रमुख ने सहकार गीत गाकर किया। तत्पश्चात सभी उपस्थित अधिकारियों और सदस्यों का परिचय करवाया गया। तत्पश्चात सहकार भारती विषय पर जिला संगठन प्रमुख बिलासपुर ने अपने विचार रखे। जिला सहकार भारती जिला अध्यक्ष देव दत शर्मा ने सहकार भारती के गठन से लेकर आज तक जो भी उपलब्धियां रही हैं उनसे सभी सदस्यों को अवगत करवाया। इस मौक़े पर जिला महामंत्री सुनील दत्त शर्मा ने सहकार भारती के जितने भी आज तक के संशोधन हुए हैं उन संशोधनों से अवगत करवाया और किस प्रकार से उन संशोधनों की वजह से सहकारी समितियों को लाभ हो रहा है उसके बारे भी विस्तार से बताया। तत्पश्चात तहसील कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव अधिकारी की देखरेख में चुनाव करवाया गया। सबसे पहले तहसील अध्यक्ष के लिए नाम मांगे गए जिसमें तहसील अध्यक्ष के लिए जगत राम शर्मा का नाम आया जिसके प्रस्तावक रोशन लाल खजूरिया व समर्थन कर्ता मनोज कुमार थे। इस प्रकार से जगत राम को निर्वाचित घोषित कर दिया गया ढ्ढ तहसील मंत्री के लिए नाम को आमंत्रित किया गया। तहसील मंत्री के लिए सतीश का नाम आया जिसका प्रस्ताव सतपाल शर्मा ने किया और समर्थन सुमित ने किया। सतीश शर्मा को तहसील मंत्री निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इसी कडी में तहसील संगठन प्रमुख के लिए जिला संगठन प्रमुख के लिए प्यार चंद शर्मा का नाम घोषित किया। इसके पश्चात अध्यक्ष जगत राम शर्मा, तहसील मंत्री सतीश कुमार व तहसील संगठन प्रमुख प्यार चन्द शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें उपाध्यक्ष के लिए सतपाल वर्मा व संदेश कुमार को नियुक्त किया गया तथा सह सचिव के लिए सुमित सिंह व विक्रम परमार को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य सुखदेव परमार नंदलाल धनीराम धीमान जगजीत सिंह खारियाल को बनाया गया है। मनोज कुमार को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से सेवानिवृत्त सहायक पंजीयन सहकारी सभाएं रोशन लाल खजुरिया के साथ प्रधान मनोज कुमार बड़गांव सहकारी समिति, गोरख सिंह अशोक कुमार शिवांश मिश्रा, देवास मिश्रा सुमित सिंह, राजपाल, सुखदेव परमार,गोपाल, सुदेश कुमार, धनीराम धीमान उपस्थित रहे।

# अब रोहतक में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दिखाएगी अपनी प्रतिभा का जौहर



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 11 जून।** कुल्लू जिला के निरमंड विकास खंड की राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अरसू कि छात्रा खुशी (जाह्नवी) सुपुत्री स्व. दलजीत सिंह व किरण बाला निवासी गांव शोहच तहसील निरमंड ने हिमाचल प्रदेश राज्य जूनियर बॉयज़/गर्ल्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2025 में गोल्ड मैडल हासिल किया है।

ये प्रतियोगिता 5 से 8 जून तक सक्षम बॉक्सिंग क्लब हरौली (ज़िला ऊना) द्वारा एचपी बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं उना बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित कि गई थी। जिसमें 80 कि.ग्रा. छात्रा वर्ग में खुशी ने प्रथम स्थान हासिल कर अपने माता पिता समेत क्षेत्रवासियों को भी गौरवान्वित किया है।

खुशी अब रोहतक (हरियाणा) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएगी। उसने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी कोच सीमा नेगी को दिया है। सीमा नेगी स्वयं भी बॉक्सिंग में नेशनल चैंपियन रह चुकी हैं।

# आम जनता व छात्रों के भविष्य से न खेले सरकार, मेडिकल कॉलेजों की दुर्दशा पर अब दे जवाब मुख्यमंत्री: विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई, 11 जून।** प्रदेश के तीन प्रमुख सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पाई गई गंभीर अनियमितताओं पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा जारी चेतावनियों के बावजूद राज्य सरकार की चुप्पी पर बड़सर से भाजपा विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की दिशाहीनता और लापरवाही का परिणाम है, जिससे प्रदेश के हजारों छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है।

विधायक लखनपाल ने कहा कि हमीरपुर, नाहन और चंबा के मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी, इन्फ्रास्ट्रक्चर की खामियां, परीक्षा रिकॉर्डिंग की विफलता और आवश्यक दस्तावेजों के अभाव जैसी गंभीर कमियां सामने आई हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

उन्होंने कहा- 'यह विषय केवल तीन संस्थानों तक सीमित नहीं है, बल्कि हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य शिक्षा प्रणाली की साख का सवाल है। मुख्यमंत्री को इस विषय में त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए।' यदि सरकार ने सुधारात्मक कदम नहीं उठाए, तो इन कॉलेजों की एमबीबीएस सीटें रद्द हो सकती हैं।

विधायक इन्द्रदत्त लखनपाल की सरकार से जो मांगें हैं उनमें तीनों मेडिकल कॉलेजों की आंतरिक ऑडिट तत्काल करवाई जाए, दोषी अधिकारियों व कॉलेज प्रबंधन की जिम्मेदारी तय हो, चिकित्सा शिक्षा विभाग को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाए, छात्रों की पढ़ाई और भविष्य पर संकट न आए, यह सुनिश्चित किया जाए, मुख्यमंत्री स्वयं मामले में हस्तक्षेप कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनकल्याण और युवा हितों की रक्षक है और किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी यूं ही बनी रही, तो पार्टी स्तर पर भी इस विषय को गंभीरता से उठाया जाएगा!

### 100 पुरुषों के लिए रोजगार के दवार खुले

**गोहर (अप्रस/सुभाग सचदेवा)।** एस आई एस इंडिया लिमिटेड आर टी ए हमीरपुर द्वारा प्रदेश के 100 बेरोजगार युवाओं के लिए सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी क लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि एसश्आईश्एसश् इंडिया लिमिटेड आरटीए (आरटीए) हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के द्वारा सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 100 पदों (केवल पुरुष) को भरने हेतु आवेदकों के साक्षात्कार दिनांक 13 जून शुक्रवार को उप रोजगार कार्यालय गोहर में होंगे। जिसके लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता कम से कम दसवीं पास वह उससे अधिक,आयु सीमा 19 से 40 वर्ष की होनी चाहिए। आवेदक की शारीरिक लंबाई 168 सेमी व उससे अधिक।चयनित आवेदन को 16500 से 22000 हजार रुपए (ग्रॉस) प्रतिमा वेतन दिया जाएगा।

# संत कबीर दास जी की वाणी में समाया है समाज सुधार का मंत्र: कुलदीप धीमान

राज्य अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष ने कबीर पंथी समाज सुधार सभा के धार्मिक–सांस्कृतिक समारोह में की शिरकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने दीप प्रज्वलन कर संत कबीर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी

**अंब, 11 जून।** संत शिरोमणि कबीर दास जी के प्रकट दिवस के अवसर पर बुधवार को ऊना जिले के अंब में हिमाचल प्रदेश कबीर पंथी समाज सुधार सभा द्वारा एक भव्य धार्मिक-सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर संत कबीर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धाभाव से नमन करते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

समारोह को संबोधित करते हुए आयोग अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि संत कबीर केवल एक संत नहीं, बल्कि एक जागरूक विचारधारा हैं। उन्होंने समाज को छुआछूत, जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर समता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी । उन्होंने कहा कि कबीर जी की वाणी में वह शक्ति है जो सदियों से समाज को झकझोरती रही है और आज के दौर में भी उतनी ही प्रासंगिक है।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को संत कबीर की शिक्षाओं से जुड़ना चाहिए, क्योंकि उनके विचार समानता, भाईचारे और आत्मबोध की वह रोशनी हैं, जो समतामूलक समाज के निर्माण में मार्गदर्शक बन सकती है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आग्रह किया कि वे धर्म, जाति व वर्ग से ऊपर उठकर एकजुट समाज की स्थापना में सहभागी बनें।

इस मौके पर श्रद्धालुओं और ग्रामीण महिलाओं ने सामूहिक सत्संग व प्रसाद वितरण में भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कबीर पंथी समाज सुधार सभा के प्रयास की सराहना की। इस दौरान सभा के सदस्यों ने अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर समाज की समस्याओं एवं मांगों के बारे में अवगत कराया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल, जिला परिषद सदस्य सतीश शर्मा, तहसीलदार अंब नरेश पटियाल, प्रदेश कबीर पंथी समाज सुधार सभा के प्रधान मस्तराम, जिला प्रधान कबीर पंथी समाज सुधार सभा ऊना सुरेश मियां, सचिव कबीर पंथी समाज सुधार सभा देवराज शांडिल व प्रदेश के नौ जिलों की कबीर पंथी समाज सुधार सभाओं के प्रधान एवं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## प्रशासक ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

# शिक्षा के जरिये समाज में ला सकते हैं सार्थक परिवर्तन : कटारिया

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 11 जून।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने बुधवार को चंडीगढ़ के 237 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया, जिन्होंने इंटरमीडिएट परीक्षा (कक्षा 12वीं) में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों का गौरव बढ़ाया, बल्कि पूरे शहर को भी गर्व की अनुभूति कराई। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि यह सफलता न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि उनके शिक्षकों और अभिभावकों के समर्पण, सहयोग और मार्गदर्शन की भी परिचायक है। उन्होंने विशेष रूप से यह उल्लेख किया कि, इस सफलता का असली श्रेय शिक्षकों को जाता है। शिक्षक का सम्मान आज भी उतना ही है, जितना पहले था। समय बदला है, तकनीक बदली है, लेकिन शिक्षा देने वाले का योगदान और उसका महत्व आज भी अटल है। श्री कटारिया ने बच्चों को कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने या अंक लाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा उपकरण है जिससे हम समाज में सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि हममें न केवल ज्ञान होना चाहिए, बल्कि मानवता के गुण भी आने चाहिए। राज्यपाल कटारिया ने इस अवसर पर विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा कि चंडीगढ़ इस मिशन का अग्रदूत बन सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि चंडीगढ़ न केवल एक स्मार्ट सिटी बल्कि एक विजनरी सिटी बने– जहां शिक्षा, नवाचार, स्वच्छता, डिजिटल प्रगति और सुशासन के सभी मानकों पर हम देश को दिशा दिखाएं।



### चंडीगढ़ से शुरू हुई मेंटरशिप, मुफ्त कोचिंग व कैशलेस कैंपस शुरुआत

कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा किया गया था, जिसमें छात्रों को प्रमाणपत्र और प्रत्येक को 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की गई। समारोह में उन चार सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने–अपने विद्यालयों का 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित किया। यह न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता का उदाहरण है, बल्कि इस बात का प्रमाण भी है कि सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास हो रहे हैं। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में तीन नई पहलों की भी औपचारिक शुरुआत की गई, जिनसे न केवल छात्र लाभान्वित होंगे, बल्कि शहर की शिक्षा व्यवस्था को भी एक नई दिशा मिलेगी।

इसमें 'एडॉप्ट-ए-स्कूल मेंटरशिप इनिशिएटिव' के प्रथम चरण में चंडीगढ़ के 42 सरकारी स्कूलों को शामिल किया गया है, जिससे करीब 60,000 छात्रों को लाभ होगा। इस पहल के अंतर्गत प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, डॉक्टर, वकील, खिलाड़ी, उद्यमी और अन्य क्षेत्र के विशेषज्ञ इन स्कूलों को गोद लेंगे और छात्रों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, नैतिक मूल्यों, साइबर जागरूकता और जीवन कौशल जैसे विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। यह एक ऐसा प्रयास है जो बच्चों को पुस्तकों से बाहर की दुनिया के लिए तैयार करेगा, और समाज में व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ावा देगा। इसके अतिरिक्त, राज्यपाल ने 'उड़ान परियोजना' के अंतर्गत शिक्षा विभाग और चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के बीच हुए एमओयू का भी उल्लेख किया। इस समझौते के अंतर्गत अब शहर के लगभग 700 मेधावी छात्रों को जेईई, नीट, आईएएस, पीसीएस और एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल विशेष रूप से उन छात्रों के लिए वरदान सिद्ध होगी, जो प्रतिभाशाली तो हैं लेकिन संसाधनों के अभाव में अपने सपनों को साकार नहीं कर पाते। राज्यपाल पंजाब एवं प्रशासक, यूटी चंडीगढ़, गुलाबचंद कटारिया ने कैशलेस कैंपस सेवा का शुभारंभ करते हुए इसे चंडीगढ़ की शिक्षा व्यवस्था में एक क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल स्कूलों में वित्तीय लेन-देन को सुरक्षित, पारदर्शी और सरल बनाएगी, बल्कि छात्रों को डिजिटल साक्षरता की दिशा में भी सशक्त बनाएगी। राज्यपाल ने इस नवाचार को विकसित भारत 2047 के संकल्प की ओर एक मजबूत प्रयास करार दिया।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए शिक्षा को आंदोलन बनाएं: राज्यपाल

प्रकृति हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। यदि हम प्रकृति का दोहन करेंगे तो हमें इसके दुष्परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि कोविड–19 के दौरान भारत में हर्बल औषधियों और आयुर्वेद के प्रति लोगों का नजरिया बदला और जागरूकता बढ़ी। आयुर्वेद में रोगों को जड़ से मिटाने की क्षमता है और आधुनिक समय में यह और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। भारत में पर्यावरण की रक्षा की परंपरा शुरू से ही रही है। हमारे पूर्वज वृक्षों, नदियों और प्राकृतिक संसाधनों का सम्मान करते थे। हमें आज की पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए उस सांस्कृतिक चेतना को पुनः विकसित करने की आवश्यकता है। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया बुधवार को विद्या भारती उत्तर क्षेत्र और क्षेत्रीय औषधीय पादप बोर्ड, जोगिंदर नगर, आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय पर्यावरण कार्यशाला के समापन समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन को स्वच्छ, सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य की दिशा में एक गंभीर और दूरदर्शी प्रयास बताया।

### ग्रीन फ्यूचर लीडरशिप समिट का आयोजन

## स्वच्छ उर्जा नीतिगत विकल्प नहीं, एक नैतिक दायित्व : कटारिया



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 11 जून।** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से ग्रीन फ्यूचर लीडरशिप समिट का आयोजन चंडीगढ़ में बुधवार को किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा समाधान की दिशा में तेज़ी से प्रगति को बढ़ावा देना था। विशेष रूप से सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों में हो रहे तेज़ बदलावों पर चर्चा की गई। यह शिखर सम्मेलन पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के नीति निर्धारकों, उद्योग विशेषज्ञों, नवाचारकर्ताओं और स्वच्छ ऊर्जा के समर्थकों को एक मंच पर लाने में सफल रहा। इस अवसर के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी, चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सतत विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि स्वच्छ ऊर्जा केवल एक नीतिगत विकल्प नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व है। सौर और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देकर हम सिर्फ तकनीकी प्रगति नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य में निवेश कर रहे हैं। समिट के दौरान स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्टता और नेतृत्व को सम्मानित किया गया तथा नवाचार, विस्तार क्षमता और नीति सुधारों पर उच्चस्तरीय चर्चा की गई। यह सम्मेलन स्टार्टअप्स, कॉरपोरेशनों, पर्यावरण संगठनों और सरकारी प्रतिनिधियों के बीच सहयोग को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण मंच बना।

# अनाज मंडी के नजदीक कुत्तों को दिया जा रहा जहर!

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा कुत्ते को जहर देकर मारा, केस दर्ज
- लोगों का आरोप, मंडी से कुत्ते संदिग्ध हालात में हुए गायब

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 11 जून।** सेक्टर 20 में चौंकाने वाला मामला सामने आने के बाद पुलिस के साथ साथ स्थानीय लोग भी सतर्क हो गए हैं। सन सिटी के नजदीक तीन दिन पहले मृत पड़े कुत्ते को जहर दिया गया था। यह खुलासा मृत कुत्ते की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ है। पुलिस ने इसी रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कुत्ते का जहर देकर मरने करने के आरोप में केस दर्ज किया है। किसी अज्ञात ने कुत्ते को पहले जहर दिया और फिर उसकी चारों टांगें बांध कर झाड़ियों में फैंक दिया।

शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि उनके डॉग शेरू को मारने से पहले उसे जहर दिया गया था। पुलिस ने इन आरोपों की जांच करते हुए कुत्ते के शव का पोस्टमार्टम करवाया, जिसकी रिपोर्ट में साफ हो गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जहर दिया और उसकी टागें रस्सी से बांध कर उसे लावारिस झाड़ियों में फेंक दिया। इसके बाद कुत्ते की मौत हो गई। सेक्टर 20 थाना पुलिस ने बुधवार को मामले में रिपोर्ट आने के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कुत्ते को जहर देकर मारने के आरोप में केस दर्ज किया। हालांकि, इतने दिन बीतने के बाद पुलिस को अभी तक आरोपी का सुराग नहीं मिल सका है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि वह कुत्तों को रोटी देने आती हैं और उनकी देखभाल करती हैं। गत 8 जून की सुबह को जब वह सन सिटी के बाहर मेन रोड प पहुंची तब उसने देखा कि किसी ने उनके डॉग शेरू की चारों टांगों को बांध कर मार दिया था। उसे जहर दिया और मरने के बाद डॉग को झाड़ियों में फैंक दिया गया। वह इस कुत्ते को रोजाना देखती थी और उसे रोटी खिलाती थी।

### पहले भी संदिग्ध हालात में गायब हुए डॉग

महिला समेत स्थानीय लोगों का आरोप है कि अनाज मंडी के नजदीक कुत्ते अचानक गायब हो चुके। हालही में कुत्तों के संदिग्ध हालात में मरने की बात भी सामने आई थी। उन्होंने संभवना जताई कि कुत्ते को जबरन पकड़ कर उन्हें पहले मारा गया और फिर उन्हें फेंक दिया गया था। उधर, स्थानीय लोगों में एरिया में कुत्ते की बेरहमी से की गई हत्या के बाद रोष देखने को मिल रहा है। उन्होंने पुलिस से मांग की कि आरोपी को जल्द पकड़ा जाए। पुलिस का कहना है कि मृत कुत्ते का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। मौत के कारणों को जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### ढकोली में दुकान की छत पर शव मिलने से फैली दहशत

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** ढकोली में एक दुकान की छत पर शव मिलने से दहशत फैल गई। मृतक ने एक दिन पहले ही तीसरी मंजिल पर कमरा किराए पर लिया था और छत से गिरकर उसकी मौत हो गई। बुधवार को ढकोली के स्थानीय इलाके दशमेश नगर में एक दुकान की दूसरी मंजिल पर शव मिलने की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया। ढकोली पुलिस को सूचना दी गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डेराबस्सी अस्पताल भेज दिया गया। मृतक की पहचान महाराष्ट्र निवासी धर्मेंद्र नागेंद्र पांडे के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, पेंटर का काम करने वाले पांडे ने घटना से एक दिन पहले ही शांति देवी की दुकान की तीसरी मंजिल पर कमरा किराए पर लिया था। ऐसा माना जा रहा है कि वह दुकान की तीसरी मंजिल की दीवार पर बैठा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह बगल की दुकान की छत पर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। वह बुधवार दोपहर करीब 3 बजे तक बगल की छत पर ही रहा, जहां अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौत हो गई। दोपहर में जब बिजली चली गई तो दुकान की दूसरी मंजिल पर रहने वाले किराएदार ने गर्मी के कारण छत का दरवाजा खोला तो देखा कि शव पड़ा है।

# प्रशासन के तय नियमों पर शहर में देर रात तक खुलेंगे क्लब

- कर्मचारियों के वेरिफिकेशन के बाद ही संचालक को क्लब संचालन की होगी परमिशन

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**पंचकूला, 11 जून।** शहर के सेक्टर 9, 5, 10 और सेक्टर 11 में खुले होटल और क्लब कर्मचारियों की वेरिफिकेशन और प्रशासन के तय नियमों को पूरा करने के बाद ही देररात तक खोले जा सकेंगे। बुधवार को शहर के पर्पल फ्रॉग से अभिनव बंसल और आकाश, डिमोका क्लब से अरूण चावला, आर्मीनिया क्लब से माणिक, मिकाबी क्लब से पीयूष और बोरेगा क्लब से पार्टिश ने पुलिस के साथ हुई बैठक में हिस्सा लिया।

क्लब संचालकों और मालिकों के साथ हुई पुलिस की संयुक्त बैठक में कई नागरिक सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा हुई। थाना सेक्टर 5 में एसएचओ रूपेश चौधरी ने बैठक लेते हुए क्लब संचालकों को हिदायत दी कि वे तय नियमों का पालन करें और नागरिकों की सुरक्षा का ध्यान रखें। एक साल तक देररात तक क्लबों के संचालन पर लगाई गई रोक के हटने के बाद संचालकों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गई। एसीपी सुरेंद्र डोडी के निर्देश पर बुलाई गई इस बैठक में एसएचओ ने स्पष्ट किया कि क्लबों में हुक्का सर्व करने पर पूर्ण पाबंदी होगी। इन आदेशों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि हर क्लब में हाई क्वालिटी वाले सीसीटीवी कैमरों से पूरा परिसर, क्लब के अंदर और बाहर के संचालन, कर्मचारियों को कवर करते परिसरों को कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत क्लबों में तैनात किए जाने वाले बाउंसरों को मान्यता प्राप्त यूनिट से रखा जाए। वहीं हर कर्मचारी की वेरिफिकेशन की जाए ताकि देररात तक क्लब के संचालन में कोई परेशानी उत्पन्न न हो।

### मेहमानों की बनेगी सूची

एसएचओ रूपेश चौधरी ने क्लब संचालकों से कहा कि वे आयोजन स्थल पर पार्टी करने वाले आयोजकों का पूरा ब्यौरा, अतिथियों के बारे पूरी जानकारी की तैयार करें। सभी कर्मचारियों की वेरिफिकेशन भी होनी चाहिए। एसएचओ ने कहा कि पुलिस की ओर से क्लबों के संचालन को लेकर मालिकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। एक साल के बाद देररात तक संचालन के मद्देनजर उन्हें तय नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है। यदि क्लब किसी तरह का उल्लंघन करते पाए जाते हैं तब उन पर बिना देरी किए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शहीद राम प्रसाद बिस्मिल की 128वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम मनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहीद राम प्रसाद बिस्मिल की 128वीं जयंती का श्रद्धांजलि कार्यक्रम शहीद भगत सिंह जागृति मंच, पंचकूला व डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 7 के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस दौरान सबसे पहले बिस्मिल के चित्र पर फूल माला व पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य वक्ता प्रोफेसर एम एम जुनेजा ने बताया कि जब बिस्मिल को 19 दिसंबर 1927 को फांसी होनी थी तो बिस्मिल की आंखों में आंसू आ गए मां ने कहा बेटा मैंने तुम्हें अपना दूध पिलाया है तो बिस्मिल ने कहा मां यह आंसू इसलिए थे कि काश अगले जन्म में भी मुझे ऐसी बहादुर मां मिले। अध्यक्षता कर रहे आई.टी.बी.पी. के महानिरीक्षिक ईश्वर सिंह दुहन ने पंडित राम प्रसाद बिस्मिल को आर्य समाज से जुड़ने के बाद महान क्रांतिकारी योद्धा बताया। इसके बाद पंचकूला के ए.सी.पी. दिनेश कुमार ने कहा कि ऐसे देशभक्तित के कार्यक्रम बच्चों के बीच में किए जाने चाहिए जिससे बच्चे जान सके कि देश की आजादी कैसे मिली। हिमांगी शर्मा ने %सरफरोशी की तमन्ना% व दिया मोदगिल ने कविता का पाठ किया। जोया ढुल ने मंच के परिचय के साथ कविता भी सुनाई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल नवनीत कुमार व शिष्ट सेवा मंडल ने शहीद भगत सिंह जागृति मंच व डीसी मॉडल स्कूल का धन्यवाद किया जिन्होंने आज की भाग दौड़ की जिंदगी में आजादी के भूले बिसरे क्रांतिकारियों को याद करने का काम किया। मंच का संचालन आरती शर्मा व चमन लाल कौशिक ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव मंच के अध्यक्ष जगदीश भगत सिंह व स्कूल के चेयरमैन भारत भूषण गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष जगदीश भगत सिंह, डीसी मॉडल स्कूल के अध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, मंच उपाध्यक्ष ऋषि गुप्ता, सचिव मनमोहन कंबोज, दीपक शर्मा, कृष्ण अवतार जोशी, प्रिंसिपल उषा गुप्ता, वैशाली कौशल, कविता निजावन, आरती शर्मा, अंजलि, पूर्व ई.ओ.ओपी सिहाग, के.सी. भारद्वाज, भरतपाल,प्रवीण मोदगिल व सुरेंद्र बंसल जी भी उपस्थित रहे।

## नयागांव के लोगों को मिलने जा रहा पहला नया पार्क

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**नयागांव, 11 जून।** नयागांव में कोई खेल का मैदान नहीं, कोई अस्पताल नहीं,कोई पार्क भी नही था परन्तु अब नया गांव वासियों की पुरजोर कई सालों की मांग को लेकर नगर काउंसिल नयागांव द्वारा ऐक पार्क बनाया जा रहा है । यह पार्क वार्ड-11 की पार्षद ममता कोशिश के प्रयत्नों के द्वारा अब जल्द ही नया गांव वासियों को मिलने जा रहा है । यह पार्क अब पूरी तैयारी पर है जिसकी लागत लगभग 43 लाख के करीब है । यह पार्क वार्ड ङ्क 11 में खेडा चौक के पास विकसित हो रहा है । वार्ड ङ्क 11 के वासियों ने बताया कि यहां के लोगों की कई सालों की मांग को देखते हुए सभी पार्षदों द्वारा नगर कौंसिल की हाउस की बैठक में यह प्रस्ताव पास करवा गया था । इसके लिये नयागांव की एक छोटी सी बच्ची ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में पार्क ना होने की ऐक याचिका डाली थी जिस पर मानयोग अदालत ने पार्क बनाने के आदेश जारी किये थे । ताकि नया गांव वासियों को अन्य शहरों की भांति पार्क मिल सके वही जिसको लेकर अब पार्क का कार्य प्रगती पर है । यह पार्क अब जल्द यह पार्क नयागांव वासीयो को समर्पित किया जाएगा जिससे यहां पर रोजाना लोग सैर करने के लिए भी घूमने के लिए आ सकेंगे । उनको अब चंडीगढ़ सुखना झील या चंडीगढ़ के पार्क नही जाना पडेगा ।

## केसी होटल में हाईप्रोफाइल सट्टा खेलते 14 व्यक्ति गिरफ्तार

### 25.30 लाख जुआ राशि, 19 मोबाइल, 7 कारें व एक एक्टिवा बरामद

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 11 जून।** जीरकपुर के एक नामी होटल में हाईप्रोफाइल सट्टा खेलते हुए 14 व्यक्तियों को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 25.30 लाख रुपये जुआ राशि, 7 कारें, एक एक्टिवा और 19 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना जीरकपुर में बीएनएस की धारा 318(4) व गैंबलिंग एक्ट की धारा 3 व 4 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान रवि निवासी मैट्रो टाउन पीर मुछल्ला ढकौली, शिवम निवासी सेक्टर-23डी चंडीगढ़, अनिल कुमार निवासी सेक्टर-52 चंडीगढ़, विजय कुमार निवासी गोबिंर नगर अबोहर, नवीन कुमार निवासी अग्रसेन नगर गंगानगर, सुनील कुमार निवासी सेक्टर-43ए चंडीगढ़, अशोक कुमार निवासी सेक्टर-21 पंचकुला हरियाणा, सुखजिंदर सिंह निवासी निहाल सिंह वाला जिला मोगा, पितांबर निवासी सैनी विहार जीरकपुर, अरविन कुमार निवासी नई आबादी गली नंबर-7 अबोहर, सुरिंदर सिंह निवासी ज्योति एनक्लेव चंडीगढ़, सुभाष चंदर निवासी सेक्टर-20 पंचकुला, आशोक कुमार निवासी सेक्टर-20 पंचकुला व राज बहादुर निवासी नेपाल के रुप में हुई है। सभी अरोपियों को डेराबस्सी कोर्ट में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट रेनीका गेरा के समक्ष पेश किया जहां अदालत ने उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

एसएसपी हरमनदीप हंस ने प्रैस कॉन्फ्रैंस के दौरान बताया कि डीएसपी जसपिंदर सिंह व एसएचओ जीरकपुर सतिंदर सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ कोहिनूर ढाबा जीरकपुर में मौजूद थे, उसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि केसी होटल चंडीगढ़ रोड जीरकपुर का मालिक शैंटी अपने मैनेजर के साथ मिलकर अपने होटल की तीसरी मंजिल पर ज्यादा मुनाफे का लालच देकर धोखे के साथ सट्टा खिलाने का काम कर रहा है। पुलिस ने केसी होटल में रेड दौरान 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। सूत्रों के अनुसार सभी आरोपी बड़े स्तर पर सट्टा खेलते हैं। आरोपी पहले राजपुरा में सट्टा खेलते थे लेकिन एक हफ्ते से वह जीरकपुर एरिया में सट्टा खेल रहे थे।

### मुंबई में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी ओलंपियाड 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए

## भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे आरुष मिश्रा, सुमंत गुप्ता, बानिब्रत माजी, पाणिनि और अक्षत श्रीवास्तव

- आईसर मोहाली में खगोल विज्ञान ओलंपियाड ओरिएंटेशन कम सिलेक्शन कैंप (ओसीएससी) 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**मोहाली, 11 जून।** राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के माध्यम से चुने गए प्रतिभाशाली छात्रों को प्रशिक्षित करने और उनका मूल्यांकन करने के उद्देश्य से आईआईएसईआर मोहाली में खगोल विज्ञान ओलंपियाड ओरिएंटेशन कम सिलेक्शन कैंप (ओसीएससी) 2025 आयोजित किया गया। भारतीय राष्ट्रीय खगोल विज्ञान ओलंपियाड के माध्यम से चुने गए इन छात्रों ने दो समूहों में लगभग 500 प्रतिभागियों में से शीर्ष प्रदर्शन करने वालों का प्रतिनिधित्व किया। ग्रुप ए (कक्षा 12) और ग्रुप बी (कक्षा 10 या 11), जिनका चयन रैंक और विषय वरीयता के आधार पर किया गया। शिविर के लिए चुने गए 54 छात्रों में से भारत के विभिन्न हिस्सों से 37 ने ओसीएससी में भाग लिया। गहन प्रशिक्षण और मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद, अगस्त में मुंबई में आयोजित होने वाले अंतर्राष्टीय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी ओलंपियाड 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पांच छात्रों की एक अंतिम टीम का चयन किया गया। आईओएए 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनी गई टीम में आरुष मिश्रा, सुमंत गुप्ता, बानिब्रत माजी, पाणिनि और अक्षत श्रीवास्तव शामिल हैं। उनमें से, आरुष मिश्रा को ओसीएससी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सी.एल. भट मेमोरियल पुरस्कार मिला, जो भारतीय भौतिकी संघ द्वारा अर्नोल्ड वोलफेंडेल के प्रयासों से स्थापित एक पुरस्कार है। सुमंत गुप्ता को अवलोकन परीक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मान्यता दी गई, जबकि अक्षत श्रीवास्तव ने सिद्धांत और डेटा विश्लेषण दोनों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार जीता। ओसीएससी में व्याख्यान, ट्यूटोरियल, दूरबीन संचालन सत्र और आकाश अवलोकन गतिविधियां शामिल थीं। हालांकि शिविर आमतौर पर होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (एचबीसीएसई-टीआईएफआर) द्वारा आयोजित किया जाता है, इस वर्ष आईआईएसईआर मोहाली को जिम्मेदारी सौंपी गई थी क्योंकि एचबीसीएसई आईओएए की मेजबानी कर रहा है। शिविर का संचालन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पटियाला, आईआईटी कानपुर, अशोका विश्वविद्यालय सोनीपत, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय शाहपुर और आईआईएसईआर मोहाली सहित संस्थानों के खगोलविदों की एक टीम ने किया था। संसाधन व्यक्तियों में रमन शोध संस्थान, भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान और खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी के अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र के वैज्ञानिक भी शामिल थे। अंतिम टीम की घोषणा 11 जून, 2025 को आईआईएसईआर मोहाली में आयोजित समापन समारोह के दौरान की गई थी।

इसके बाद इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (आईएपीटी) के तत्वावधान में प्रोफेसर कुलिंदर पाल सिंह (आईआईएसईआर मोहाली) द्वारा पदक और प्रोफेसर भट्टाचार्य द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**अनुभवी टीम लीडर आईओएए 2025 में साथ रहेंगे:** आईओएए 2025 में टीम के साथ अनुभवी टीम लीडर प्रोफेसर जसजीत सिंह बागला और डॉ. हरविंदर कौर जस्सल भी होंगे। वैज्ञानिक पर्यवेक्षक डॉ. किंजलक लोचन, डॉ. पंकज कुशवाह, डॉ. जसवंत यादव (हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय) और थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटियाला की डॉ. ममता गुलाटी भी ऑब्जर्वर के तौर पर टीम के साथ रहेंगे।

# हरियाणा पुलिस की पहल पर ज्ञान की शक्ति से बदलेगा हरियाणा का युवा : दीपक सारन

**पर्यावरण, सड़क सुरक्षा, साहित्य व कथा-कहानियों की पुस्तकों का है भंडार**

**10 से 30 जून तक हरियाणा में रहेगा पुस्तक प्रदर्शनी वाहन**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 11 जून।** शिक्षा भवन परिसर पंचकूला से पुस्तक प्रदर्शनी वाहन को रवाना करते हुए पुलिस अधिकारी दीपक सारन ने कहा कि किताब समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। ज़िन्दगी का बेहतर रास्ता बेहतर किताबों से होकर गुजरता है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर की प्रेरणा से हरियाणा पुलिस की पहल पर पुस्तक परिक्रमा का आयोजन 10 जून से 30 जून तक किया गया है। जिसको हरियाणा राज्य में पुलिस और बिजली विभाग द्वारा आदर्श सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सभी के लिए 'किताब अवधारणा' को साकार करते हुए हरियाणा के विभिन्न जिलों में संचालित सार्वजनिक पुस्तकालयों में पुस्तक संस्कृति को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश में पुस्तक समीक्षा, पुस्तक मेला, लेखक से मिलिए जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

यह पुस्तक प्रदर्शनी वाहन 10 से 12 जून तक पंचकूला, 13 से 18 जून तक चंडीगढ़, 19 से 21 जून तक कैथल, 22 से 24 जून तक करनाल, 25 से 27 जून तक पानीपत और 28 से 30 जून तक सोनीपत में रहेगा।

दोपहर बाद पंचकूला के सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय, पुलिस लाइन मोगीनंद के परिसर में पुस्तकदर्शनी वाहन के पहुंचने पर पुलिस उपायुक्त पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि यह हरियाणा पुलिस की एक अनूठी पहल है, क्योंकि आज की युवा पीढ़ी इंटरनेट से जुड़ने के कारण किताबों के साथ-साथ हमारी कला एवं साहित्य से भी दूर होती जा रही है। युवा पीढ़ी को पुस्तकों को पढ़ने की बहुत ज़रूरत है और इस पुस्तकदर्शनी वाहन के माध्यम से युवाओं को पर्यावरण, साहित्य, कला, कथाओं और कहानियों से जोड़ना बहुत आसान होगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन में रहने वाले कर्मचारी एवं उनके पारिवारिक सदस्य, सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय में नियमित रूप से आने वाले पाठकों ने पुस्तकों का अवलोकन किया और पुस्तकें खरीदीं। इस अवसर पर निदेशक मनोज कुमार वसिष्ठ, डी.एस.पी. नरेश अहलावत, एस.ई. आई.टी. एवं जल संसाधन विभाग के पराग शर्मा, एस.ई. शासन योगेश गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने अवलोकन किया। विदित है कि हरियाणा इंफोसमेंट ब्यूरो ने 22 मई से 10 जून तक पर्यावरण संरक्षण माह मनाया।


| | | |
|---|---|---|
| भारतीय स्टेट बैंक<br>हर भारतीय का बैंक<br>State Bank of India<br>THE BANKER TO EVERY INDIAN | STATE BANK OF INDIA<br>AUTO MARKET (CODE 50520)<br>DIST HISAR (HAR) 125001<br>Ph : 01662-277949<br>Email : sbi.50520@sbi.co.in | **Auction Notice for Gold Ornaments** |

Notice is hereby given to the borrower in particular and to the general public that public auction of gold ornaments pledged in the below mentioned accounts is proposed to be held auction on **19.06.2025 at 4.00pm** at the above mentioned branch. The auction is to be held for gold ornaments (as and when in sealed cover) of the defaulter who has failed to pay his loan amount despite being informed by registered letters and personal visits. The details given below are as follows in the order of loan number.

| Loan Date | Loan Account Number | Name of Borrower | Gross Wt. in Grams. / Ner Wt. in Grams. | Loan Amount |
|---|---|---|---|---|
| 20.02.2024 | 42719896940 | Sh. Deepak Mittal S/o Om Parkash, HNo. 865, Shyam Lal Bagh Hisar-125001 | 183.700 / 150.500 | 560000/- |

Persons willing to participate in the above mentioned auction must have a valid ID card/Pan card. Please contact the branch for more details.

Date: 12.06.2025 Branch Manager, SBI Auto Market, Hisar

AP-1942


## 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम का उद्देश्य मोदी सरकार के 11वर्षों की उपलब्धियां से जनता को अवगत करवाना है : सुरेन्द्र नागर



अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 11 जून।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह-प्रभारी राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर दिल्ली जाते हुए रास्ते में रोहतक में निजी होटल पर रुके तो स्थानीय पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया।सुरेन्द्र सिंह नागर पार्टी द्वारा चलाये जा रहे ÷संकल्प से सिद्धि÷ कार्यक्रम के विषय पर हिसार में प्रेसवार्ता करके दिल्ली जाते हुए रोहतक में रुके और उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश सह प्रभारी ने भोजन किया। सुरेन्द्र सिंह नागर ने कहा 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम का उद्देश्य मोदी सरकार के 11वर्षों की उपलब्धियां से जनता को अवगत करवाना है। रोहतक के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका,प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला उपाध्यक्ष उदयभान मलिक, वीरसिंह हूडा,÷वन नेशन वन इलेक्शन÷ के जिला संयोजक डॉ अशोक कुमार रंगा,भाजपा नेता अशोक वर्मा, अंकुश सांसी बिड्डू,सुनील देशवाल सीसा,राकेश कल्शन आदि ने स्वागत किया।

## उड़ीसा से गांजा लाकर पैकेट में करते थे ट्राइसिटी में सप्लाई, मुख्य तस्कर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** नशे का काला कारोबार करने वालों ने अब तस्करी का नया पैंतरा ढूंढ लिया है। पंचकूला पुलिस की गिरफ्त में आए तस्कर से दर्जनों गांजा के छोटे छोटे पैकट का खुलासा हुआ हैं, ताकि किसी को सप्लाई करते वक्त जरा सी भी भनक ना लगे। करीब 6 दिन पहले गिरफ्त में आए नशा तस्कर राजेश कुमार उर्फ काला की निशानदेही पर काबू किए मुख्य सप्लायर पानीपत के समालखा के रहने वाले नरेंद्र उर्फ गोलू ने यह सनसनीखेज खुलासा किए। पुलिस की जांच में सामने आया है कि राजेश गांजा की खेप नरेन्द्र से खरीदकर लाता था और ट्राइसिटी में 50,100,150 ग्राम के पैकेट बना कर बेचता था। नरेन्द्र गांजा की खेप उड़ीसा के जंगले इलाके से लाता था।


**संपदा कार्यालय यू.टी., चंडीगढ़**

**सार्वजनिक सूचना**



**श्री नवीन, सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष।**

**विषय:** स्वर्गीय श्री यशपाल ओहरी की बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर आवासीय साइट संख्या 3006, सेक्टर 38-0, चंडीगढ़ (एलआरपी 1371) के संबंध में 80.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री यशपाल ओहरी आवासीय साइट संख्या 3006, सेक्टर 38-डी, चंडीगढ़ के 80.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक मालिक हैं।

दिव्या सुतधर, अनुराधा ओहरी, मोहित ओहरी, ललित कुमार ओहरी द्वारा सूचित किया गया है कि श्री यशपाल ओहरी की मृत्यु 2410312016 को हो गई है और उन्होंने मृतक मालिक/पट्टेदार के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-

| क्रम संख्या | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1 | अनुराधा ओहरी | पुत्रवधू |
| 2 | मोहित ओहरी | पौत्र |
| 3 | दिव्या सुधर | पौत्री |
| 4 | राकेश कुमार ओहरी | पुत्र (मृत) |
| 5 | निर्मल रानी ओहरी | पत्नी (मृत) |
| 6 | ललित कुमार ओहरी | पुत्र |

अब, दिव्या सुधर, अनुराधा ओहरी, मोहित ओहरी, ललित कुमार ओहरी ने आवासीय साइट संख्या 3006, सेक्टर 38-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वर्गीय श्री यशपाल ओहरी द्वारा धारित 80.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक उनके पक्ष में, बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**श्री नवीन, दानिक्स,**
**सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी,**
**यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

AP-1926



**लापता**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम रिशु मलिक पुत्र सुल्तान मलिक निवासी # 438, टाइप्स-II सीआरपीएफ कैंपस हल्लोमाजरा, चंडीगढ़, उम्र-15 वर्ष, कद 5′2′ इंच, रंग गोरा, मल्टीकलर प्रिंटेड शर्ट और शॉर्ट्स पहने हुए है, 01.06.2025 से अपने परिवार के सदस्यों को सूचित किए बिना घर से चला गया है। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन सेक्टर 31, चंडीगढ़ में एफआईआर नंबर 104, दिनांक 01.06.2025, धारा 137(2) बीएनएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। लापता लड़के की तस्वीर ऊपर दी गई है। यदि उक्त लापता लड़के के बारे में कोई सुराग मिले तो कृपया एसएचओ, पुलिस स्टेशन सेक्टर-31 को मोबाइल नंबर 9779580931, आई/सी पीपी हल्लो माजरा मोबाइल नंबर 7087116992 या चंडीगढ़ पुलिस कंट्रोल रूम फोन नंबर 0172-2741900 या 112 पर सूचित करें।

**चंडीगढ़ पुलिस**

AP-1930



**उत्तर रेलवे**

**TENDER NOTICE**

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railway, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (**www.ireps.gov.in**) for the supply of the below item.

| S. N. | E-Tender No. | Description | Qty | Tender Closing Date & Time | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98255251 | वारंटी अवधि की समाप्ति के बाद 5 वर्षों के लिए CMC के साथ हाई डेफिनेशन लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सेट। बोलीदाता को अनुपालन शर्त के अनुसार कुल लागत के विवरण के लिए दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा। | 01 Nos. | 07.07.2025 at 11:00 Hrs | 1,10,800/- |

**Note: 1)** Vendors may visit the IREPS website i.e. **www.ireps.gov.in** for details.
**2)** No manual offer will be entertained.
**E-Tender Notice No: 98255251 Dated: 11.06.2025** **1746/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-1935



**गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना और परिचालन**

लामडिंग मंडल द्वारा गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर एटीएम की स्थापना और परिचालन के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। **नीलामी कैटलॉग संख्या: ATM-GHY-05-25. नीलामी शुरू (सभी लॉट): 23-06-2025** को **11:00** बजे; **रेट यूनिट** : वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क। **दिन** : 1826.

| क्र.सं. | लॉट नं./श्रेणी | विवरण |
|---|---|---|
| AA/1 | ATM-LMG-GHY-Gen-88-25-1 (एटीएम-जनरल) | एटीएम की स्थापना और परिचालन |
| AA/2 | ATM-LMG-GHY-Gen-90-25-1 (एटीएम-जनरल) | एटीएम की स्थापना और परिचालन |
| AA/3 | ATM-LMG-GHY-Gen-89-25-1 (एटीएम-जनरल) | एटीएम की स्थापना और परिचालन |

**ई-नीलामी के बंद करने की तिथि और समय: 23-06-2025** को **11:50** बजे। प्रारंभिक शीतलन की अवधि 30 मिनट। **नोट:** संभावित बोलीदाता से अनुरोध किया जाता है कि वे अधिक जानकारी के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल देखें।

**सीनियर डीसीएम, लामडिंग**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-1933



**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2025**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि-साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 21:45 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि-साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 04092 | नई दिल्ली | 19:30 | हावड़ा जंक्शन | 21:40 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.07.25 तक |
| 04091 | हावड़ा जंक्शन | 23:50 | नई दिल्ली | 01:00 | | गुरु, रवि | 12.06.25 से 20.07.25 |
| 04216 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | साबरमती | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 13.06.25 से 27.06.25 |
| 04215 | साबरमती | 08:50 | सुल्तानपुर जंक्शन | 11:00 | | शनिवार | 14.06.25 से 28.06.25 |
| 09639 | मदार जंक्शन | 04:30 | रोहतक जंक्शन | 12:50 | प्रतिदिन | | 30.06.25 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जंक्शन | 22:35 | | | 30.06.25 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.25 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 11.07.25 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.25 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 01.07.25 तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 19.06.25 से 03.07.25 |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 21.06.25 से 05.07.25 |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि-साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 6 दिन | शुक्र को छोड़कर | 03.08.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.08.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोम | 14.07.2025 तक |
| 07077 | चर्लापल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लापल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 12.06.25 से 26.06.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मोदी सरकार का कार्यकाल इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा : कृष्णपाल गुर्जर

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 11 जून।** केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' के 'संकल्प की सिद्धि' का स्वर्णिम काल बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि कुर्सी वही है, सिर्फ व्यक्ति बदला है जिसने देश को बदला है। विश्व में पीएम मोदी के नाम का डंका बज रहा है और कांग्रेस की बैंड बज रही है। श्री गुर्जर बुधवार को अंबाला स्थित भाजपा कार्यालय ''अंब कमल'' में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां गिनवाई वहीं कांग्रेस को आ? हाथों लिया। प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, जिला अध्यक्ष अंबाला मनदीप राणा, पूर्व विधायक पवन सैनी, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग, मेयर शैलजा संदीप सचदेवा, पूर्व जिला अध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार, डॉ. संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास पांच साल का नहीं, बल्कि पचास साल का विजन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों में देश भक्ति की भावना को जगाया है। पीएम मोदी ने इन 11 वर्षों में परिश्रम से परिकाष्ठा का मिसाल दी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अकेले नहीं, बल्कि खुद को तपा कर 140 करो? देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों को साकार किया है। मोदी सरकार का यह कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है।

श्री गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत की सोच में जहां तकनीक है, वहीं तरक्की निहित है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा सरकार है, वहां गरीब का कल्याण है। मोदी सरकार देश की राजनीति में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस लेकर आई है। 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी, लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं। कांग्रेस की सरकार में सरकारी योजनाओं के पैसे लोगों तक नहीं पहुँचते थे, बिचौलिये खा जाते थे, लेकिन अब पैसा सीधे जनता के अकाउंट में पहुँच रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना से गरीबों का मुफ्त इलाज हो रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले हम इम्पोर्ट पर आश्रित थे, आज मेक इन इंडिया की ताकत से एक्सपोर्ट में लीड कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त निर्णय लेने में सक्षम हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बन रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में इंदिरा से लेकर मनमोहन तक सिर्फ गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते थे, लेकिन अब आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार में 27 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। केन्द्र सरकार की योजनाओं में गरीब केन्द्र बिन्दु है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, जल जीवन मिशन, पीएम जनधन योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि आदि अनेक योजनाओं के माध्यम से गरीबों का कल्याण हो रहा है।

श्री गुर्जर ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में घोटालों का अँधेरा दूर हुआ है और सुशासन का प्रकाश फैल रहा है। ये 11 साल हमारी महान संस्कृति के पुनरुद्धार और धार्मिक जागरण के रहे हैं। इन 11 सालों में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक खत्म करना, जीएसटी लागू करना, वक्फ बिल जैसे सख्त निर्णय लिए गये है। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार मोदी सरकार के दिशा निर्देशों पर जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ा रही है।

# हीट स्ट्रोक से बचने के लिए घर से बाहर जाएं तो सिर ढके

बाहर के फूड और ड्रिंक से बचें, स्वस्थ्य रहें, पीलिया और टायफाइड का अधिक खतरा

सावधानी सबसे बड़ा उपाय सेहतमंद रहने का, बच्चों और बुजुर्गों को दोपहर में बाहर नहीं निकालें

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 11 जून।** देश और प्रदेश में ज्यों ज्यों तामपान बढ़ता जा रहा हैं।उससे जनजीवन बेहाल हो रहा हैं। बुजुर्गों औंर बच्चों पर हीट स्ट्रोक का खतरा मंडरा रहा है। वहीं पर करनाल के अलावा अन्य शहरों में पीलिया और टायफाइड, आंन्त्रशोध,उल्टी दस्त जैसी बीमारियां पांव पसार रही हैं। हर दूसरे घर में इन बीमारियों के शिकार मिल रहे हैं। बच्चों और बुजर्गो में इन बीमारियां घर कर रही हैं। इन्ही सभी मुद्दों को लेकर करनाल ही नहीं प्रदेश के जाने माने जनरल फिजीशियन ह्दय और छाती रोग विशषज्ञ के रूप में बिर्क अस्पताल में कार्यरत डा. नैत्रपाल रावल से मुलकात कर उनसे बातचीत की। उन्होंने बताया कि जिस तरह से पानी और खाद्य प्रदाथों से संबंधित बीमारियों से सवावधान रहना जरूरी हैं। जरा सी लापरवाही हमें अस्पताल में बीमार होकर ला देती हैं। उन्होंने कहा कि इन दिनों बाजार में बिक रहे खुल में फ्रूट जूस, गन्ने का रस जलजीरा, तथा अन्य प्रकार की शिकंजी और अन्य पेय पदार्थ बीमारीका कारण बन रहे हैं। इससे अधिक लोग बीमार हो रहे हैं। इसके अलावा बाजार में खुले में बिकने वाले कटे फल,सलाद फ्रूट चाट तथा अन्य खाद्य सामग्री नुक्सान का सबब बन रहे हैं। उन्होंने बताया घर में बने पेय पदार्थ, नारियल पानी, घर में बना समान उपयोग में लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि बाहर निकलते समय सिर ढक कर निकलें। बार बार पानी पीकर निकलें बाहर निकलते समय घर से पानी लेकर निकलें। घर के बाहर सड़क पर मिलने वाला पानी नही पीना चाहिए। उन्होंने बताया कि तापमान का बढ़ना नुक्सान दायक हैं। उन्होंने बताया कि अधिक समय तक धूप में रहने के कारण हीट स्ट्रोक हो सकता हैं। इस लिए सिर ढक कर निकलें। इस समय ह्दय रोग और अधिक रक्तवाप के साथ शुगर के मरीजों का सावधानी बरतना चाहिए। गर्मी में पेय पदार्थ ज्यादा पीना चाहिए। कटे फलों से परहेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उल्टी दस्त होने के बाद चीनी नमक और पानी का घोल बना कर पीना चाहिए। इस मामले में लापरवाही नहीं बरतें डाक्टर को सबसे पहले दिखाएं। पीलिया और टायफाइड के शिकार करनाल में सबसे अधिक बच्चे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि संभव हों तो सुबह निकलें। या शाम को दोपहर बारह बजे के बाद कम ही निकलें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### आदतन महिला अपराधी गांजा सहित गिरफ्तार

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत थाना शहर टोहाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने एक आदतन महिला नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 298 ग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार की गई महिला के विरुद्ध थाना शहर टोहाना में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि आरोपी महिला पूर्व में भी नशीले पदार्थों की तस्करी के कई मामलों में संलिप्त रही। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम नहर पुल, चंडीगढ़ रोड, टोहाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला, जो गांजा बेचने का कार्य करती है, अपने घर पर नशीला पदार्थ लेकर आई हुई हैं सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए संबंधित महिला के घर पर दबिश दी।

### चार दिवसीय समर कैंप आयोजित



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** शहीद वीरेंद्र स्मारक भवन समालखा में शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति एवं ज्ञान विज्ञान समिति के सौजन्य से चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप की शुरुआत चेतना गीतों से हुई। जिसमें ग्रामीण अंचल व आस पास के क्षेत्र के बच्चों को गायन, वादन, अभिनय, क्ले मोल्डिंग की विधा आदि अनुभवी प्रशिक्षुओ द्वारा सिखाई जा रही है द्य इसके साथ ही बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए यह भी सिखाया जा रहा है की किस प्रकार से वैज्ञानिक विधि को चमत्कारों की संज्ञा दी जाती है तथा कुछ रसायनों के मिश्रण से आग जला कर भोले भाले लोगों के साथ ठगी की जाती है । कैंप में उपस्थित प्रतिभागियों को तीन ग्रुपों में विभाजित कर विभिन्न हुनर सिखाएं जा रहे हैं । क्ले मॉडलिंग के रिसोर्स पर्सन स्टीफन मैथ्यू व रामनिवास द्वारा मिट्टी को विभिन्न रूपों में ढ़लवा कर बच्चों के मोटर स्किल के हुनर को निखारा जा रहा है। इस कैंप में हथवाला,पावटी, किवाना ,राक्सेड़ा, करहंस ,बुढनपुर , गांधी कॉलोनी समालखा , पावटी सहित विभिन्न गांवो से करीब 40 किशोर , बच्चों की हिस्सेदारी रही है। कैम्प में विनय , प्रियांशी,अंशु , मुस्कान,खुशी , नीकिता,पूर्वी,आर्यन, सतेन्द्र , सविता,ख्वाहिश ,दीक्षा रितु , दीपशिखा , तमन्ना, तनीषा , गुलाब ,सतीश चौहान , प्रवीण , डॉक्टर शीशपाल ,वेदपाल आदि मौजूद रहें।

### बिना नंबर प्लेट वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई: थाना प्रभारी

**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** थाना मुलाना प्रभारी महेन्द्र सिंह ने साफ शब्दों में कहा है कि पुलिस अधीक्षक अंबाला के दिशा निर्देशानुसार क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के चलने वाले वाहनों पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहन न केवल कानून का उल्लंघन करते हैं, बल्कि अपराध और असामाजिक गतिविधियों में उपयोग होने की आशंका भी बनी रहती है। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट पाए जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों को तुरंत जब्त कर चालान किया जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि सभी अपने वाहनों पर वैध और स्पष्ट नंबर प्लेट लगवाएं, अन्यथा उन्हें जुर्माने और वाहन जब्ती का सामना करना पड़ेगा। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर लगाम लगाने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक है।

### कुरुक्षेत्र से ज्योतिषविद् मीनाक्षी शर्मा सम्मानित



**थानेसर (अप्रस/दलबीर मलिक)।** चतुर्थ अखिल भारतीय ज्योतिष समागम में कुरुक्षेत्र से ज्योतिषविद् मीनाक्षी शर्मा को सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए ज्योतिषविद् मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि यह समागम ऋषिकेश में गत दिवस आयोजित हुआ जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से विद्वान ज्योतिषियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में ज्योतिष से सबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में क्राइम पेट्रोल में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाने वाले अभिनेता श्री गुलशन पांडे जी, आई.आई.एम.टी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर शामिल थे। इसमें लगभग 100 ज्योतिषविदों ने भाग लिया। इस चतुर्थ अखिल भारतीय ज्योतिष समागम में कुरुक्षेत्र से ज्योतिषविद् मीनाक्षी शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस समागम कुरुक्षेत्र से ज्योतिषविद मीनाक्षी शर्मा, मीना कुमारी, सवीना सैनी ने भाग लिया। इसमें ज्योतिष चर्चा के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति हुई।

# श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर सजाया महान नगर कीर्तन

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 11 जून।** मीरी-पीरी के मालिक धन-धन साहिब श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर महान नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से सजाया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया एवं पंज प्यारों की अगुवाई में सजाए गए इस महान नगर कीर्तन के दौरान बोले सो निहाल सत्श्री अकाल और शबद कीर्तन की गूंज सुनाई देती रही। नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाने और सेवा करने के लिए संगत की भीड़ उमड़ी पड़ी। नगर कीर्तन से पहले गुरु चरणों अरदास की गई और हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, कार्यकारिणी समिति मैंबर कुलदीप सिंह मुल्तानी, मैंबर इंदरजीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, बलदेव सिंह हाबड़ी, गुरनाम सिंह लाडी व भूपिंदर सिंह लाडी, बीबी करतार कौर, बीबी जसबीर कौर मसाना, पूर्व कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, पूर्व स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, पूर्व मैंबर बेअंत सिंह, सुखजिंदर सिंह मसाना, धर्म प्रचार सचिव सरबजीत सिंह जम्मू, प्रधान साहिब के कार्यालय पीए एवं एडिशनल सैकेटरी सतपाल सिंह डाचर, अतिरिकत सचिव राजपाल सिंह दुनियामाजरा, नरेंद्र सिंह, उप सचिव अमरिंदर सिंह, रूपिंदर सिंह, निजी सचिव शमशेर सिंह, गुरुद्वारा निरीक्षण शाखा के प्रभारी जज सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह सहित भारी गिनती में संगत ने गुरुद्वारा साहिब में श्री दरबार साहिब में हाजिरी भरी। संगत को संबोधित करते हुए हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने आह्वान किया कि सभी एकजुट होकर सेवा भाव से गुरु घर के लिए सहयोग करें।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 10वें स्थान से चौथे नंबर की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना : महीपाल ढांडा

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा




पत्रकारों से बातचीत करते शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा।

**कुरुक्षेत्र, 11 जून।** शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष में देश 10वें स्थान से चौथे नंबर की सबसे बड़ी और तेजी से बढने वाली अर्थव्यवस्था बनाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में वस्तुओं और सेवाओं में 825 बिलियन डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात दर्ज किया गया है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) ने 1.61 लाख करोड़ निवेश, 14 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन, 5.31 लाख करोड़ रुपये का निर्यात और 11.5 लाख नौकरियां पैदा की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 29.8 लाख करोड़ के आत्मनिर्भर भारत पैकेज से कोविड-19 के दौरान एमएसएमई और व्यवसायों को मदद मिली है। भारत में स्वीकृत पेटेंट की संख्या वर्ष 2014-15 में 5,978 से 17 गुना बढ़कर 2023-24 में 1,03,057 हुई है। शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का काम किया जाएगा। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा के मार्गदर्शन में केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। बैठक में जिस कार्यकर्ता को जो जिम्मेदारी दी जाएगी, उसका सभी पालन करेंगे और सरकार की नीतियों व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने कहा कि कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत है। जिलाभर में घर-घर तक सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और कामों को पहुंचाया जाएगा। इस कार्य को करने में हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिलाध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, धर्मबीर डागर, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, वाईस चेयरमैन धूमन सिंह, जयसिंह पाल, गुलशन कलाल माजरा, सतपाल मास्टर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# टोहाना की तहसील में बैठे कर्मचारियों से बड़े हैं बाहर बैठे लेखाकार

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 11 जून।** शहर में डांगरा रोड पर बने सचिवालय में वैसे तो बहुत डिपार्टमेंट के दफ्तर संचालित हैं मुख्य तौर पर हर आदमी का आना-जाना अधिकतर उप मंडल अधिकारी व तहसीलदार के दफ्तर में ही रहता है शहर में ग्रामीण क्षेत्र की बहुत सी समस्याओं के लिए उप मंडल अधिकारी के पास जाना पड़ता है पर कृषि भूमि व रिहेयशी जमीन के कार्यों के लिए हमें तहसील कार्यालय में जाना पड़ता है या फिर लोग पटवारी को लेकर असमंजस में पड़े दिखाई देते हैं कि आखिर कब और कहां मिलेंगे बात करें तो तहसील कार्यालय कि जब भी हम कोई मकान दुकान जमीन आदि प्रॉपर्टी की खरीद प्राप्त करते हैं। तब दोनों पार्टियों अपने-अपने दस्तावेज लेकर सचिवालय में एंट्री करते वक्त ही प्राइवेट लेखाकार जो की कोई पेड़ के नीचे कोई बाहर ही अपनी दुकान लगाए बैठे हैं। उनके पास जाना पड़ता है वह ही हमें अंदर सभी सरकारी कार्यालय के रास्ते के रेट वह अंदर चलती फीस के रेट व यदि किसी कागजों में कमी है तब रजिस्ट्री के कैसे होगी और कब होगी बाहर बैठने वाले महोदय अंदर बैठे वाले सभी कर्मचारियों से ज्यादा पावरफुल नजर आते हैं। यह आदमी के कागजों के हिसाब से पेसै लेते हैं यदि कागज पूरे हैं तो कोई मजे वाली रजिस्ट्री नहीं लगती। यदि कागजों में कमी है तब फुल मजा साहब को भी आता हैऔर लेखाकार को भी खुले पैसे मिलते हैं फिर बात हजारों में नहीं लाखों तक चली जाती है कुछ प्रॉपर्टी डीलर भी इसे मिले हुए लगते हैं जो काम तहसील में बैठे कर्मचारी नहीं कर सकते वह आप इन लेखाकारों से काम आप गांधीवाद से खुलकर करवा सकते हैं और यदि आपने लेखाकार या किसी माध्यम के बिना रजिस्ट्री करवाने की सोची भी वह तहसील कार्यालय में कभी भी पूर्ण नहीं होगी यदि लेखाकार को आप उसके हिसाब से पेमेंट कर देते हो तो आपका कार्य अवकाश वाले दिन भी हो जाएगा अन्यथा आप भटकते रहना मैं आपकी रजिस्ट्री होगी और ना ही आपके के दस्तावेज मिलेंगे क्या आपको यह नहीं पता कि जब अवैध प्रॉपर्टी की सरकार के रोकने पर भी रजिस्ट्री हो सकती है तब क्या कुछ गोलमाल नजर नहीं आता आप इनकी अवैध भूमि पर की गई रजिस्ट्री पर क्या किसी भी बड़े अधिकारियों द्वारा एक्शन लेते हुए देखते हैं क्योंकि ऐसा लगता है कि यह सब कुछ एक सिस्टम का ही रूप ले लिया है कोई भी ने राजनेता ने भ्रष्टाचार विरोधी टीम में और ने विजिलेंस के अधिकारी और तो और जिले में बैठे अधिकारी भी इनकी जांच करने के लिए तैयार नहीं है सरकार द्वारा चलाए गए बिना पर्ची बिना खर्ची वाला स्लोगन एक जुमला बनकर रह गया है टोहाना की तहसील में।

# भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी श्रेष्ठ माना गया है: महंत

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी ने बुधवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा पूजन के उपरांत गुरु शिष्य के संबंध के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि गुरु और शिष्य का संबंध भारतीय अध्यात्म की आत्मा है। इस पवित्र रिश्ते के महत्व को आधुनिक जीवन मां भी समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध केवल एक शिक्षक और विद्यार्थी के बीच का रिश्ता नहीं होता है बल्कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा भी है। यह संबंध ज्ञान, विश्वास, समर्पण और आत्मबोध पर आधारित होता है। महंत जगन्नाथ पुरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी श्रेष्ठ माना गया है।

# शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक संतुलन भी बनाता है खेल : राजकुमार कपूर

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 11 जून।** छठी नेशनल मुए थाई चैंपियनशिप का आयोजन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में किया गया। इस चैंपियनशिप के तीसरे दिन बुधवार को पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के मीडिया कोआर्डिनेटर रहे राजकुमार कपूर ने खिलाड़ियों के हाथ मिलवाकर मुकाबले का शुभारम्भ किया। राजकुमार कपूर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल लाभकारी नहीं बल्कि हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। यह शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक संतुलन बनाने में भी मदद करता है। इसके अलावा खेल ही है जो हमें भावनात्मक मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल के जरिए बच्चे सीखते हैं, सोचते हैं, रचते हैं और जुड़ते हैं। बच्चों और सभी उम्र के लोगों के जीवन में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस दौरान 10-11 वर्ष 36 किलो पोंगोखराज गोगोई ने गोल्ड मेडल, दशखित जेन मेघालय सिल्वर मेडल, निर्वाई सिंह मध्य प्रदेश, 36 किलो पल्लवी कुमार डब्लूएमसी गोल्ड मेडल, यशिका हरियाणा सिल्वर मेडल, शतुती कुमारी बिहार ब्रांज मेडल, 38 किलो मैरी इंडेंसटतया वरिंग मेघालय गोल्ड मेडल, प्रेया सैनी राजस्थान सिल्वर मेडल, 40 किग्रा आराध्या शर्मा मध्य प्रदेश गोल्ड मेडल, अन्वी जैन छत्तीसगढ़ सिल्वर मैडल, श्रीया सिंह दिल्ली ब्रांज मेडल, अमायरा राज बिहार ब्रांज मेडल, 20 वर्ष आयु वर्ग में 84 किग्रा के रुद्रांश आर नाइक गोल्ड मेडल, एस रियन तमिलनाडु सिल्वर मेडल, जोहान कुमार पंजाब ब्रांज मेडल, शिवांश कुमार बिहार ब्रांज मेडल, 25 वर्ष आयु वर्ग में ईशान ग्रोवर गोल्ड मेडल, एमडी मुहम्मद तमिलनाडु सिल्वर मेडल, उपमन्नू कुमार असम ब्रांज मेडल, वी मधु आंसर ने भी पद जीते।

# ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बने प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी वालिया

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 11 जून।** ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हरियाणा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष श्री अश्वनी वालिया को राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है जिसको लेकर हरियाणा के तमाम पदाधिकारियों में जबरदस्त खुशी व्याप्त है। आज ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य नियुक्त किए जाने पर संघ के सभी पदाधिकारियों ने

प्रदेश अधक्ष श्री अश्वनी वालिया का संघ की तरफ से फूल मालाएं पहनाकर और उनका मीठा मुंह करवा कर तथा उनको स्मृति चिन्ह भेंटकर हार्दिक अभिनंदन किया । ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के प्रदेश मुख्य संरक्षक दलबीर मलिक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी वालिया को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य नियुक्त होने पर हरियाणा के तमाम पदाधिकारियों में जबरदस्त खुशी व्याप्त है। संघ की हरियाणा इकाई व जिला इकाई कुरुक्षेत्र की ओर से ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी सिंह का आभार व्यक्त किया गया। मलिक ने कहा कि श्री अश्विनी वालिया

प्रदेश अध्यक्ष को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल होने से हरियाणा के पत्रकारों को केंद्रीय स्तर पर काफी लाभ मिलेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर, प्रदेश संरक्षक सुशील शर्मा व वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार वालिया तथा जिला कुरुक्षेत्र कार्यकारिणी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का तेहदिल से आभार व्यक्त किया है। जिला प्रधान सुरेंद्र कौशिक, जिला महासचिव गुलशन ग्रोवर संगठन सचिव अनिल वर्मा, राजकुमार कौशिक, संजीव गोयल, अजय शर्मा ,हरिदास चनालिया, कुलवंत बग्गा, गुरदीप सिंह गुजराल, अमित गर्ग ,प्रमोद कौशिक इत्यादि ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अश्वनी वालिया को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

# भारतीय योग संस्थान नारायणगढ़ का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

## योग स्वस्थ व्यक्ति को स्वस्थ और रोगी के रोग को जड़ से ठीक करता है: पूर्व विधायक

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 11 जून।** भारतीय योग संस्थान नारायणगढ़ का स्थापना दिवस आज आहलूवालिया धर्मशाला में बड़े ही हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। जिसमे डॉ. पवन सैनी पूर्व विधायक ने मुख्यातिथि के तौर पर सिरकत की। इस अवसर पर अनेकों गणमान्य अतिथियों और योग साधकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि यह स्थापना दिवस हर वर्ष 11 जून को पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी का स्वागत अंबाला से पधारे भारतीय योग संस्थान के कृष्ण जिला प्रधान सुरेंद्र अरोड़ा और उप प्रधान रामनाथ कपूर ने पारंपरिक पटका पहनाकर किया।

इस अवसर पर संस्थान के समस्त सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। ब्रह्मकुमारी आश्रम से आई बहनों हरदीप, अंजली, प्रीति, आंचल को भी पटका पहनाकर सम्मान प्रदान किया गया।

जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में विगत दिवस विभिन्न आयु वर्गो में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले योग साधक सुरेश सचदेवा, कनिका अग्रवाल और संजय धीमान को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सामाजिक कार्यो के लिए मनोज वालिया, अंशुल वालिया और राजेश वर्मा को भी सम्मानित किया गया।

संस्थान के केंद्र प्रमुख राजेश शर्मा, वरिष्ठ योग साधक रामनाथ धीमान, रामप्रसाद धीमान, वीरेंद्र वालिया और कृष्ण लाल आढ़ती को भी उनके योगदान के लिए पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। अहलूवालिया सभा के प्रधान मुकेश वालिया और मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी ने संस्थान की निःशुल्क योग सेवाओं के लिए संजय धीमान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

आयुष विभाग से पधारे योग सहायक मोहित और नरेंद्र ने मुख्य अतिथि को आयुर्वेदिक पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में अंबाला से आए योग प्रशिक्षक सुरेंद्र अरोड़ा, रामनाथ कपूर, अजय नागपाल व सोनिया द्वारा 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत प्रोटोकॉल अनुसार योग आसन व प्राणायाम करवाए गए।

मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी ने भी योग साधकों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया और उपस्थित जनसमूह को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग से हम न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ा जाए। डॉ. पवन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज दुनियाभर में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। हरियाणा में भी योग को बढ़ावा देने के लिए गांव-गांव में योग एवं व्यायामशालाएं खोली जा रही है।

# गुरुवार का व्रत रखने से पहले जान लें जरूरी नियम, पूर्ण होगी हर मनोकामना



ज्योतिष, अमन राजन

**हिंदू** धर्म में भगवान विष्णु को जगत का पालनहार माना जाता है। भगवान विष्णु को नारायण और श्री हरि के नाम से भी जाना जाता है। गुरुवार के दिन भक्त विष्णु जी की पूजा अर्चना करते हैं। बृहस्पतिवार के दिन विष्णु जी की पूजा और आराधना करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस दिन बहुत से मंदिरों में श्रीमद्भागवत गीता का पाठ भी किया जाता है। बृहस्पतिवार को पूजा पाठ करके भक्त पुण्य प्राप्त करते है।

ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु की पूजा से जीवन में चल रहे दुखों का अंत हो जाता है और अपार सुख की प्राप्ति होती है। लेकिन इस व्रत का फल पाने के लिए जरूरी है कि इस व्रत से जुड़े जरूरी नियम आपको पता हैं। यदि इन नियमों का पालन नहीं किया गया, तो व्रत असफल भी हो सकता है। ऐसे में आइए जानत लेते हैं गुरुवार व्रत के खास नियम...

**गुरुवार का व्रत कैसे करें?**

गुरुवार का व्रत श्री हरि विष्णु जी के लिए रखा जाता है। इस व्रत का फल पाने के लिए कोई भी व्यक्ति इस दिन व्रत रख सकता है। हिंदू धर्म के अनुसार, 16 गुरुवार व्रत करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है और सभी मनोकामना पूरी हो जाती है।

इस दिन व्रत करने के लिए सबसे पहले सुबह स्नान के पश्चात व्रत कथा का पाठ जरूर करें।

इस दिन पीले रंग का बड़ा महत्व बताया गया है। पीला रंद भगवान विष्णु को अति प्रिय है। इसलिए आप इस दिन पीला वस्त्र धारण करें।

इस दिन आप पीली चीजों का दान भी कर सकते हैं, जैसे चने की दाल या केला।



व्रत के दौरान आप विष्णु जी के मंत्र का 21 बार जाप करें।

बृहस्पतिवार के दिन भगवान विष्णु का केले के पेड़ की जड़ में विधिपूर्वक पूजन करना चाहिए।

पूजा करते समय केले के पेड़ पर जल अर्पित करें और दीपक जलाएं। साथ भी भगवान को चने की दाल, हल्दी और गुड़ आदि अर्पित करें।

आप गुरुवार का व्रत संतान,दम्पति, बुद्धि और शिक्षा प्राप्ति के लिए कर सकते हैं।

अगर आपके विवाह में देरी हो रही हो तो भी आप गुरुवार का व्रत कर सकते हैं। ऐसा करने से विवाह में आ रही बाधाएं दूर हो जाएंगी।

### रानी ने ऐसे किया बृहस्पति देव को प्रसन्न

रानी और दासी दोनों ने निश्चय किया कि बृहस्पति देव भगवान का पूजन जरूर करेंगें। सात रोज बाद जब बृहस्पतिवार आया तो उन्होंने व्रत रखा । घुड़साल में जाकर चना और गुड़ बीन लाईं तथा उसकी दाल से केले की जड़ तथा विष्णु भगवान का पूजन किया । अब पीला भोजन कहां से आए। दोनों बड़ी दुखी हुई। परंतु उन्होंने व्रत किया था इसलिये बृहस्पतिदेव भगवान प्रसन्न थे । एक साधारण व्यक्ति के रुप में वे दो थालों में पीला भोजन लेकर आए और दासी को देकर बोले, हे दासी । यह भोजन तुम्हारे और तुम्हारी रानी के लिये है, इसे तुम दोनों ग्रहण करना । दासी भोजन पाकर बहुत प्रसन्न हुई । उसने रानी से कहा चलो रानी जी भोजन कर लो परंतु रानी को भोजन आने के बारे में कुछ भी नहीं पता था इसलिए उसने कहा कि जा तू ही भोजन कर क्योंकि तू व्यर्थ में हमारी हंसी उड़ाती है। तब दासी ने कहा एक व्यक्ति भोजन दे गया है तब रानी ने कहा वह व्यक्ति तेरे लिए ही भोजन दे गया है तू ही भोजन कर। तब दासी ने कहा वह व्यक्ति हम दोनों के लिए दो थालों में सुंदर पीला भोजन दे गया है इसलिए मैं और आप दोनों ही साथ-साथ भोजन करेंगे। यह सुनकर रानी बहुत प्रसन्न हुई और दोनों ने गुरु भगवान को नमस्कार कर भोजन किया।

**गुरुवार व्रत कथा के नियम:** इधर, राजा के बिना रानी और दासी दुखी रहने लगीं । किसी दिन भोजन मिलता और किसी दिन जल पीकर ही रह जाती। एक समय जब रानी और दासियों को सात दिन बिना भोजन के रहना पड़ा, तो रानी ने अपनी दासी से कहा, हे दासी । पास ही के नगर में मेरी बहन रहती है। वह बड़ी धनवान है । तू उसके पास जा आ और 5 सेर बेझर मांग कर ले आ ताकि कुछ समय के लिए थोड़ा-बहुत गुजर-बसर हो जाए। दासी रानी की बहन के पास गई । उस दिन बृहस्पतिवार था। रानी का बहन उस समय बृहस्पतिवार की कथा सुन रही थी। दासी ने रानी की बहन को अपनी रानी का संदेश दिया, लेकिन रानी की बहन ने को?ई उत्तर नहीं दिया । जब दासी को रानी की बहन से को?ई उत्तर नहीं मिला तो वह बहुत दुखी हुई । उसे क्रोध भी आया । दासी ने वापस आकर रानी को सारी बात बता दी । सुनकर, रानी ने कहां की है दासी इसमें उसका कोई दोष नहीं है जब बुरे दिन आते हैं तब कोई सहारा नही अच्छे-बुरे का पता विपत्ति में ही लगता है जो ईश्वर की इच्छा होगी वही होगा यह सब हमारे भाग्य का दोष है। यह सब कहकर रानी ने अपने भाग्य को कोसा। उधर, रानी की बहन ने सोचा कि मेरी बहन की दासी आई थी। लेकिन मैं उससे नहीं बोली, इससे वह बहुत दुखी हुई होगी। कथा सुनकर और पूजन समाप्त कर वह अपनी बहन के घर गई और कहने लगी, हे बहन। मैं बृहस्पतिवार का व्रत कर रही थी। तुम्हारी दासी गई लेकिन जब तक कथा होती है, तब तक न उठते है और न बोलते है, इसीलिये मैं नहीं बोली। कहो, दासी क्यों गई थी।

**गुरुवार व्रत कथा रानी और उसकी बहन का संवाद:** रानी बोली, बहन । हमारे घर अनाज नहीं था । ऐसा कहते-कहते रानी की आंखें भर आई । उसने दासियों समेत 7 दिन तक भूखा रहने की बात भी अपनी बहन को बता दी। इसीलिए मैंने दासी को तुम्हारे पास 5 सेर बेझर लेने के लिए भेजा था।रानी की बहन बोली, बहन देखो बृहस्पति देव सबकी मनोकामना पूर्ण करते है । देखो, शायद तुम्हारे घर में अनाज रखा हो । पहले तो रानी को विश्वास नहीं हुआ परंतु बहन के आग्रह करने पर उसने दासी को अंदर भेजा।दासी घर के अंदर गई तो वहां पर उसे एक घड़ा बेझर से भरा मिल गया। उसे बड़ी हैरानी हुई। उसने बाहर आकर रानी को बताया। दासी रानी से कहने लगी, हे रानी । जब हमको भोजन नहीं मिलता तो हम व्रत ही तो करते है, इसलिये क्यों न इनसे व्रत और कथा की विधि पूछ ली जाये, हम भी व्रत किया करेंगे । दासी के कहने पर रानी ने अपनी बहन से बृहस्पति व्रत के बारे में पूछा । उसकी बहन ने बताया, बृहस्पतिवार के व्रत में चने की दाल गुड़ और मुनक्का से विष्णु भगवान का केले के वृक्ष की जड़ में पूजन करें तथा दीपक जलाएं और कथा सुनें । उस दिन एक ही समय भोजन करें भोजन में पीले खाद्य पदार्थ का सेवन जरूर करें। इससे गुरु भगवान प्रसन्न होते है, अन्न, पुत्र और धन का वरदान देते हैं। साथ ही सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। व्रत और पूजन की विधि बताकर रानी की बहन अपने घर लौट आई ।

### बृहस्पतिवार व्रत की कथा

मंत्रोच्चार के बाद बृहस्पतिवार व्रत की कथा पढ़ें। यह इस प्रकार से है कि प्राचीन समय की बात है। भारतवर्ष में एक राजा राज्य करता था। वह बड़ा प्रतापी और दानी था। वह नित्य गरीबों और ब्राह्मणों की सेवा-सहायता करता था। वह प्रतिदिन मंदिर में भगवान दर्शन करने जाता था लेकिन यह बात उसकी रानी को अच्छी नहीं लगती थी। वह न ही पूजन करती थी और न ही दान करने में उसका मन लगता था। एक दिन राजा शिकार खेलने वन को गए हुए थे तो रानी और दासी महल में अकेली थी। उसी समय बृहस्पतिदेव साधु भेष में राजा के महल में भिक्षा के लिए गए और भिक्षा मांगी तो रानी ने भिक्षा देने से मन कर दिया। रानी ने कहा कि हे साधु महाराज मैं तो दान पुण्य से तंग आ गई हूं। इस कार्य के लिए मेरे पतिदेव ही बहुत है अब आप ऐसी कृपा करें कि सारा धन नष्ट हो जाए तथा मैं आराम से रह सकूं। साधु ने कहा- देवी तुम तो बड़ी अजीब हो। धन और संतान से कौन दुखी होता है। इसकी तो सभी कामना करते हैं। पापी भी पुत्र और धन की इच्छा करते हैं। अगर तुम्हारे पास अधिक धन है तो भूखे मनुष्यों को भोजन कराओ, प्याऊ लगवाओ, ब्राह्मणों को दान दो, कुआं, तालाब, बावड़ी बाग-बगीचे आदि का निर्माण कराओ। मंदिर, पाठशाला धर्मशाला बनवाकर दान दो। निर्धनों की कुंवारी कन्याओं का विवाह कराओ। साथ ही यज्ञ आदि कर्म करो अपने धन को शुभ कार्यों में खर्च करो। ऐसे करने से तुम्हारा नाम परलोक में सार्थक होगा एवं होगा एवं स्वर्ग की प्राप्ति होगी। लेकिन रानी पर उपदेश का कोई प्रभाव न पड़ा। वह बोली- महाराज मुझे ऐसे धन की आवश्यकता नहीं जिसको मैं अन्य लोगों को दान दूं, जिसको रखने और संभालने में ही मेरा सारा समय नष्ट हो जाए अब आप ऐसी कृपा करें कि सारा धन नष्ट हो जाए तथा मैं आराम से रह सकूं।

### गुरुवार व्रत कथा साधु और रानी का संवाद

साधु ने उत्तर दिया यदि तुम्हारी ऐसी इच्छा है तो जैसा मैं तुम्हें बताता हूं तुम वैसा ही करना बृहस्पतिवार को घर को गोबर से लीपना अपने केशों को पीली मिट्टी से धोना। राजा से कहना वह बृहस्पतिवार को हजामत बनवाए, भोजन में मांस- मदिरा खाना और कपड़ा धोबी के यहां धुलने डालना। ऐसा करने से सात बृहस्पतिवार में ही आपका सारा धन नष्ट हो जाएगा। इतना कहकर वह साधु महाराज वहां से अंतर्धान हो गये। इसके बाद रानी ने वही किया जो साधु ने बताया था। तीन बृहस्पतिवार ही बीते थे कि उसका समस्त धन- संपत्ति नष्ट हो गया और भोजन के लिए राजा-रानी तरसने लगे। तब एक दिन राजा ने रानी से कहा कि तुम यहां पर रहो मैं दूसरे देश में चाकरी के लिए चला जाउं क्योंकि यहां पर मुझे सभी मनुष्य जानते हैं इसलिए कोई कार्य नहीं कर सकता। देश चोरी परदेश भीख बराबर है ऐसा कहकर राजा परदेश चला गया वहां जंगल को जाता और लकड़ी काटकर लाता और शहर में बेंचता इस तरह जीवन व्यतीत करने लगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' की कल्पना हुई साकार: राम कुमार कश्यप

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी

**इंद्री, 11 जून।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सेवा, सुशासन और गरीब-कल्याण के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में विकास की ऐतिहासिक यात्रा तय की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' की कल्पना को साकार करने का काम किया है।

विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता, मजबूत इच्छाशक्ति और जन-कल्याण के प्रति समर्पण ने भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन और स्वनिधि योजना जैसी कई ऐतिहासिक योजनाएं शुरू कीं, जिनसे समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं से



गरीबों, किसानों, महिलाओं और छोटे व्यवसायियों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहले देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मील का पत्थर साबित हुई हैं।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आतंकवाद और सीमाओं की रक्षा के लिए कठोर और प्रभावी कदम उठाए। साथ ही, भारत की वैश्विक स्थिति को भी मजबूत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का अब तक का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब-कल्याण का प्रतीक है। उनकी नीतियों ने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में सशक्त आधार प्रदान किया है।

## प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम पर ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा अवसर पर लगा मेला

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 11 जून।** कलायत के प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम पर ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा अवसर पर मेला भरा। इसमें बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने पहले कपिल तीर्थ में स्नान किया और पूजा अर्चना की। मंदिर पुजारी संजय शास्त्री और अनिरुद्ध गौतम ने कहा कि हर माह में एक बार पूर्णिमा तिथि आती है। पूर्णिमा शुक्ल पक्ष का आखिरी दिन होता है। शास्त्रों में पूर्णिमा के व्रत का विशेष महत्व माना गया है। पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी नारायण के अलावा चंद्रमा की पूजा की जाती है। मान्यता है कि पूर्णिमा व्रत मानसिक कष्टों से मुक्ति दिलाने वाला होता है। ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा की बात करें तो इस तिथि का महत्व कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए वट पूर्णिमा का व्रत रखती हैं। वट पूर्णिमा का व्रत वट अमावस्या के समान पुण्यदायी माना गया है। इसे वट सावित्री व्रत भी कहा जाता है। नरेश वर्मा, बिमला,



राज रानी, सुषमा, पूजा, राजेंद्र और अन्य श्रद्धालुओं ने कहा कि बहुत लंबे समय के बाद कपिल तीर्थ में स्नान के लिए जल मिला है। उन्होंने शासन-प्रशासन से सुचारू रूप से तीर्थ में जल भराव की मांग की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भंडारे व मेले का आयोजन भी किया गया। मंदिर परिसर व बाहर सजी दुकानों से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं ने जम कर खरीददारी की। साथ ही धार्मिक भजनों में महिलाएं उत्साह एवं उमंग से थिरकती नजर आई।

पूर्णिमा मेला पर कलायत के कपिल तीर्थ पर हजारों की भीड़ उमड़ी। जाम का फायदा उठाते हुए मेरठ निवासी एक महिला ने गांव कुराड़ की महिला के गले से सोने की चेन झपटने का प्रयास हुआ। महिला के साथ की अन्य महिलाओं ने झपटामार महिला को काबू किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मेरठ निवासी महिला के पर्स से चेन और 1500 रुपए मौके पर ही बरामद किए। थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया की चेन झपटने की आरोपी मेरठ निवासी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पंचांग

**बृहस्पतिवार, 12 जून, 2025**

सूर्योदय 05:19 ए एम सूर्यास्त 07:26 पी एम चन्द्रोदय 08:43 पी एम चन्द्रास्त 05:42 ए एमशक सम्वत1947 विश्वावसु विक्रम सम्वत 2082 कालयुक्त गुजराती सम्वत 2081 नल अमान्त महीना ज्येष्ठ पूर्णिमान्त महीना आषाढ़ वार गुरुवार पक्ष कृष्ण पक्ष तिथि प्रतिपदा - 02:27 पी एम तक नक्षत्र मूल - 09:57 पी एम तक योग शुभ - 02:05 पी एम तक करण कौलव - 02:27 पी एम तक द्वितीय करण तैतिल - 02:56 ए एम, जून 13 तक प्रविष्टे/गते 29 सूर्य राशि वृषभ चन्द्र राशि धनु राहुकाल 02:09 पी एम से 03:55 पी एम गुलिक काल 08:51 ए एम से 10:37 ए एम यमगण्ड 05:19 ए एम से 07:05 ए एम अभिजित मुहूर्त 11:55 ए एम से 12:51 पी एम दुर्मुहूर्त 10:02 ए एम से 10:58 ए एम दुर्मुहूर्त 03:40 पी एम से 04:37 पी एम अमृत काल 03:04 पी एम से 04:48 पी एम वर्ज्य 08:14 पी एम से 09:57 पी एम

## भविष्य फल



**मेष:** आज का दिन आपके लिए चुनौती से भरा रहने वाला है। धन संबंधित मामलों में आपको अपनी आंखें और कान खुले रखने होंगे। आपको खानपान में लापरवाही के कारण आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए मेहनत और ईमानदारी से काम करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में धन अत्यधिक मात्रा में न मिलने से आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेषकर दिखाने के लिए रहेगा। आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको अपने मन पर काबू रखना होगा।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। तकनीकी क्षेत्रों में आप अच्छा नाम कमाएंगे।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में विशेषज्ञों से सलाह लेनी होगी।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों का समय अच्छा बीतेगा, क्योंकि उनके बॉस उनके कामों की सराहना करेंगे।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष करने के लिए रहेगा। वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं, जिनको लेकर आपको जीवनसाथी से तालमेल बनाकर चलना होगा।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। आपके मन में यदि किसी काम को लेकर संशय बना है, तो आप उसमें बिल्कुल आगे ना बढ़ें।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। पारिवारिक मामले आपके लिए समस्या बन सकते हैं।

**मीन:** आज आपको यदि किसी काम को लेकर तनाव था, तो वह भी दूर होगा। धर्म-कर्म के कार्यों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, कुछ नया करने का भी मौका मिलेगा।

## भक्तजन इस सत्य के साथ ही नाता जोड़ते हैं

आज समाज में फैली कुरीतियों को आप देख रहे हैं कि किस प्रकार ये समाज की जड़ों को खोखला कर रही है। किस तरह स्वर्ग जैसे घर नर्क बन रहे हैं। किस कद्र नशे बढ़ रह हैं जिससे समाज में अनेकों मानव पीड़ित हैं। जहां समाज में ये कुरीतियां है, वहां कई तरह की दीवारें भी है जो मजहबो-मिल्लत ने खड़ी कर रखी हें। जाति-पाँति की दीवारें हैं, भाषाओं, प्रान्तों की दीवारें हैं। इन दीवारों में इन्सान का वास्तविक रुप, असल रुप खो गया है। महापुरुष यही सन्देश दे रहे हैं कि हमने इन सभी दीवारों को गिराना है। सत्युग हो, द्वापर हो, त्रेता हो या कलयुग हो, सन्तजन यह कार्य करते ही चले आये हैं। यहाँ आपने सन्त ज्ञानेश्वर जी का रुप देखा, सन्त तुकाराम जी का रुप भी देखा। आन्ध्र के सन्त वेतन्ना जी व वेमन्ना जी का रुप भी देखा और ईसा मसीह का रुप भी देखा जिन्होंने इस सच्चाई की आवाज़ को फैलाते हुए, एक दूसरे से प्रेम करने की शिक्षा देते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया। इसी प्रकार बाबा बूआ सिंह जी, बाबा वतार सिंह जी, बाबा गुरबचन सिंह जी का रुप भी आपने देखा। उन्होंने भी सच्चाई को ही इस संसार में प्रकट करने के लिए जी-जान की बाजी लगाई। संसार के लोगों के ताने-मेहने (कड़वे बोल) सहे। नाना प्रकार की रुकावटों में से गुजरते गये और यहां तक कि अपने शरीर की आहूति दे डाली। इनके साथ-साथ और भी अनेकों



सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

बलिदानी महापुरुषों ने इस सत्य को उजागर करने के लिए, भाईचारा स्थापित करने के लिए, सभी प्रकार के भेदों को मिटाकर मानव-मानव बनकर जिये, इस कारण बड़े-बड़े बलिदान दिये।

इन्हीं महापुरुषों के कारण यह सत्य की आवाज़, यह मधुर संगीत, वातावरण को सुगन्धित करता चला आया है। जैसे अंग्रेजी में कहते हैं कि No single drop flows from the same lot twice, but each drop produces its own music. हर बूँद का संगीत वातावरण को मधूर बनाता है जिससे सभी सकून व चैन प्राप्त करते हैं। वह जो संगीत पैदा होता हे, वास्तव में सत्य पर आधारित होने के कारण होता है। भक्तजन इस सत्य के साथ ही नाता जोड़ते हैं, भले ही वह भक्त प्रह्लाद का रुप हो, मीरा का रुप हो, गुरमीखी भाषा बोलने वाले का, उड़िया, बंगाली या मराठी भाषा बोलने वाले सन्त का रुप हो। वे सब ऐसा शान्तमय संगीत ही पैदा करते हैं जिससे हाहाकार के शोर से राहत प्राप्त होती है। यह हाहाकार का शोर आज गलियों, शहरों और मुल्कों में सुनने को मिल रहा है। यह शोर कहीं गालियों का है, कहीं अपशब्दों का है, कहीं हमारे कर्मों का शोर है। भाव, नाना प्रकार के शोर हमारे कानों में पहुँचते हैं; हमें बेचैनी प्रदान करते हैं। ऐसे घोर शोर में थोड़ी सी मधूर तरंगे, संगीत की, सुन जाने से कितनी राहत प्राप्त होती है। कड़कती हुई धूप में चलते हुए हम बहुत परेशान हो जाते हैं। ऐसे में कहीं पेड़ की छाया मिल जाती है या कोई बदली छा जाती है, या बौछार बहने लगती है तो हम कितनी राहत महसूस करते हैं।

आज इन्सान अहं में स्वयं भी जल रहा है तथा औरों को भी जला रहा है, उस कोयले की भाँति जो खुद भी जलता है तथा औरों को भी छाले ही देता है।

आज एक हवा चलती है मजहबो-मिल्लत की, संकीर्णताों की और ये इन्सानों रुपी बांस आपस में रगड़ खाते हैं, अंगार पैदा करते हैं तथा चारों तरफ की चीजों को जला डालते हैं। महापुरुषों ने हर युग मेंयही बताने का प्रयास किया है कि ऐ इन्सान, तूने जलता हुआ अंगार नहीं बनना है बल्कि शीतल जल बनना है, जो तपिश को शीतलता प्रदान करता है। तेरे बोल भी शीतल जल की मानिंद हो और तेरे कर्म भी शीतल जलकी मानिंद हो।

## छत्रपति सम्राट शिवाजी की महान कार्यशैली को कार्यक्रम में याद किया

हिंदू जागरण मंच द्वारा हिंदी साम्राज्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र, 11 जून।** हिंदू जागरण मंच द्वारा हिंदी साम्राज्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र के पीपली रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित किया गया। आयोजकों के अनुसार सम्पूर्ण भारतवर्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष 350 वां हिंदी साम्राज्य दिवस मराठ छत्रपति सम्राट शिवाजी की महान कार्यशैली को याद करके आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महंत राजेंद्र पुरी ने अपने जोशीले उद्घोष जय शिवाजी - जय भवानी के गगनभेदी नारों के साथ कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि सम्राट शिवाजी ने सनातन धर्म के लिए विशेष योगदान दिया है। हमें उनके पद चिन्हों पर चलते हुए हिंदू राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना चाहिए व गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए एकजुट होकर प्रयत्न करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि महंत राजेंद्र पुरी ने देश हित व समाज हित के लिए 41 दिन की कठिन पंच धूणी अग्नि तपस्या की है। कार्यक्रम के अध्यक्ष हिंदू जागरण मंच के विकास प्रांत संयोजक हिंदू जागरण मंच थे। वहीं मुख्य वक्ता राजेश गोयल प्रांत प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विशेष अतिथि डा. पाटिल रहे। दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक विकास ने सनातन प्रेमियों से कहा कि महान सम्राट शिवाजी एक कुशल प्रशासक थे। वर्तमान सरकारें उन्हीं के दिखाए हुए मार्ग पर, पद्धति पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि देश को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, शिवाजी व प्रथम संघ प्रमुख केशव बलराम हेडगेवार के जीवन को पढ़ना चाहिए व उनके मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रान्त प्रचार प्रमुख राजेश गोयल ने भी सम्राट शिवाजी को कुशल प्रशासक,कुशल मार्गदर्शक, कुशल नीति निर्माता व सदचरित्र सम्राट बताया। उन्होंने हमेशा अपना पराक्रम दिखाया, गोरिल्ला युद्ध पद्धति सम्राट शिवाजी की देन है। कार्यक्रम के संयोजक हिंदू जागरण मंच के अधिवक्ता अंकित थे व उनकी टीम थी। कार्यक्रम में सुशील चौधरी, राजेश अरोड़ा, जिला प्रचार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद, ललित चावला, नरेंद्र शर्मा, अजय कश्यप, रविंद्र शर्मा, राकेश काठवाढ, राकेश रॉकी, अमन, राजीव शर्मा, आलोक बाजपेई, वीरेंद्र राणा, अजित, बाबू राम शुक्ला, रमेश शास्त्री, शुभम, हरीश देहदानी व हिन्दू जागरण मंच के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सफलता और असफलता हमारे जीवन का हिस्सा: मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

ज्यादातर लोग यह बात जानते हुए भी इससे अनजान बने रहते हैं। हमारी खुशी का सीधा संबंध संतोष-संतुष्टि से है और हमारा आंतरिक दृष्टिकोण ही हमारे अंदर सच्चे मायने में खुशी की भावना का अहसास कराता है। कुछ लोग यह सोचते रहते हैं कि अमुक वस्तु मिल जाए, तो उनका जीवन खुशियों से भर जाए, लेकिन जब उन्हें वह चीज मिल जाती है, तो भी वे खुश नहीं होते। ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमारजीआलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसीसभागार में सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा असल में ऐसे व्यक्ति कभी खुश हो ही नहीं सकते, जो अपने वर्तमान से संतुष्ट न हों और हमेशा भविष्य में अपनी खुशियों की तलाश करते हैं। वर्तमान में वे एक की कामना करते हैं, तो भविष्य में दो-चार की। इसलिए वे कभी खुशी महसूस ही नहीं कर पाते हैं। कौन व्यक्ति तरक्की या कामयाबी नहीं चाहता, लेकिन अपने जीवन में खुश वही व्यक्ति रहता है, जो अपनी छोटी-छोटी सफलताओं पर गर्व करता है। जिस व्यक्ति को अपने वर्तमान में सफलता, पूर्व में अर्जित की गई सफलता से



छोटी लगती है और वह भविष्य में और बड़ी सफलता की कामना करता है। जो अपने वर्तमान से संतुष्ट न हों, अपने व्यवहार में थोड़ा-सा बदलाव करके आप अनेक खुशियां पा सकते हैं। खुशी पाने के लिए मनुष्य यहां-वहां भटकता रहता है, जबकि खुशी उसके अंतर्मन में निहित है। दुर्भाग्यवश ज्यादातर लोग यह बात जानते हुए भी इससे अनजान बने रहते हैं। हमारी खुशी का सीधा संबंध संतोष-संतुष्टि से है और हमारा आंतरिक दृष्टिकोण ही हमारे अंदर सच्चे मायने में खुशी की भावना का अहसास कराता है। कुछ लोग यह सोचते रहते हैं कि अमुक वस्तु मिल जाए, तो उनका जीवन खुशियों से भर जाए, लेकिन जब उन्हें वह चीज मिल जाती है, तो भी वे खुश नहीं होते। जीवन में खुश रहने के लिए जरूरी है कि हम अपने जीवन से नीरस रंगों को दूर करके उसमें उजले रंग भरें। सफलता और असफलता हमारे जीवन का हिस्सा हैं। इसलिए सफलता मिलने पर व्यक्ति को न तो ज्यादा अभिमान करना चाहिए और न ही असफलता मिलने पर व्यक्ति को निराश होना चाहिए। दोनों ही स्थिति में मनुष्य को सामान्य बने रहना चाहिए। खुश रहने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमें नकारात्मक सोच को दूर करके सकारात्मक विचारों को अपने पास रखना चाहिए।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया सफलता और असफलता हमारे जीवन का हिस्सा हैं। इसलिए सफलता मिलने पर व्यक्ति को न तो ज्यादा अभिमान करना चाहिए और न ही असफलता मिलने पर व्यक्ति को निराश होना चाहिए। दोनों ही स्थिति में मनुष्य को सामान्य बने रहना चाहिए। खुश रहने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमें नकारात्मक सोच को दूर करके सकारात्मक विचारों को अपने पास रखना चाहिए। सकारात्मक विचारों से हमें ऊर्जा मिलती है और इससे हम अपनी समस्याओं से निपट सकते हैं। जब हमें समस्याएं नहीं होंगी तो हम हमेशा खुश रहेंगे।




# पंजाब में तापमान 47 डिग्री के पार, 13 साल में सबसे ज्यादा पारा, 18 जिलों में लू का प्रकोप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 11 जून।** पंजाब में भीषण गर्मी का दौर जारी है। पिछले 24 घंटे में राज्य के तापमान में 0.3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है, जो सामान्य से 5.4 डिग्री ज्यादा है। बठिंडा देश में सबसे गर्म रहा है। यहां 47.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। राज्य के ज्यादातर शहरों का तापमान 43 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। आज 18 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है। रात में भी गर्मी बढने की संभावना है। यह स्थिति 12 जून तक बनी रह सकती है, जिसके बाद बारिश की उम्मीद है। गौरतलब है कि इतनी भीषण गर्मी 13 साल बाद पड़ रही है। इससे पहले 1 जून 2012 को अमृतसर में 47.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। वहीं चंडीगढ़ का तापमान भी 44 डिग्री पर पहुंच गया है। इसके साथ ही राज्य में बिजली की मांग भी बढकर 16,249 मेगावाट हो गई है।



### आने वाले दिनों में ऐसा रहेगा मौसम

13 जून: राज्य के अलग-अलग स्थानों पर लू चलने की संभावना है

14 से 16 जून: अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ तूफान, बिजली और तेज हवा चलने की संभावना है

चंडीगढ़ मौसम विभाग के मुताबिक आज अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर, फरीदकोट, बठिंडा, फाजिल्का, मुक्तसर और मानसा में लू चलेगी। वहीं, रातें भी गर्म रहेंगी। इसके अलावा, गुरदासपुर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, बरनाला, मोगा, संगरूर, पटियाला, मोहाली और फतेहगढ़ साहिब में भी लू चलने की संभावना है।

### बिजली की डिमांड 16,249 मेगावाट पहुंची

राज्य में हीट वेव और धान की खेती की वजह से बिजली की मांग में काफी वृद्धि हुई है। बिजली की मांग 16,249 मेगावाट तक पहुंच गई है, जिसमें 625 मेगावाट की बढ़ोतरी हुई है। सोमवार को यह मांग 15,624 मेगावाट दर्ज की गई थी। मंगलवार को बिजली की मांग ने पिछले दो साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 2023 में 10 जून को बिजली की अधिकतम मांग 9,790 मेगावाट थी, जबकि 2024 में यह 11,509 मेगावाट रही। पिछले साल जून में सबसे ज्यादा मांग 29 जून को 16,089 मेगावाट दर्ज की गई थी। पावरकॉम के पास 16,900 मेगावाट बिजली की मांग को पूरा करने की ही व्यवस्था है। इसके बाद पावर कट लग सकते हैं।

# मानसून से पहले हीटवेव कर रही परेशान प्रशासन ने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

पंचकूला में गर्मी का चढ़ता पारा 3 दिन और करेगा परेशान

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** जून के आखिरी हफ्ते में दस्तक देने जा रहे मानसून से पहले पंचकूला की धरती दिन और रात में आग उगल रही है। बुधवार को दिनभर आसमान से आग बरसती रही, जिससे हर कोई परेशान रहा। ट्राइसिटी में अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया जा रहा है। पंचकूला प्रशासन की तरफ से आने वाले तीन दिनों तक भीषण गर्मी के हालात के मद्देनजर नागरिकों के लिए इस हीटवेव से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप से बचने और छांव में रहने की सलाह दी है। वहीं खुले में रह रहे लोगों को भी हीटवेव से बचने के उपाय करने और ज्यादा से ज्यादा पानी पीने और ठंडे फलों का सेवन करने को कहा है।

**स्वास्थ्य विभाग ने जारी की है हीट वेव से बचाव के लिए एडवाइजरी:** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि नागरिकों को गर्मी के मौसम के मद्देनजर हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू/हीट वेव का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, पढने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके ईलाज से बेहतर है, हम सब लू से बचे रहें। यानी हीट वेव से बचाव ईलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पड़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का भरपूर सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाने दें, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास जरूर रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलीहान में काम कर रहे हैं, तो समय-समय पर पेड़ या छाया में आसरा अवश्य लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन कतई ना करें। ताजे फल, सलाद तथा हरी सब्जी और घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 3 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएं और उनके परामर्श से ही उन्हें खाने पीने की वस्तुएं दें।

### वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें

बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें,उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें। पालतू जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें।

# पानीपत में यमुना नदी में डूबने से तीन किशोरों की मौत

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा

पानीपत, 11 जून। हरियाणा के पानीपत जिले में यमुना नदी में नहाने गए तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई। यह हादसा संजौली घाट पर हुआ, जहां तीनों किशोर पूर्णिमा के अवसर पर यमुना स्नान के इरादे से पहुंचे थे। मृतकों की पहचान नितिन (19), हिमांशु (17) और अभि (10) के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद गोताखोरों की मदद से शवों को बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि तीनों किशोर आपस में रिश्तेदार थे और नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

गोताखोर राकेश ने बताया कि उन्होंने ऑक्सीजन सिलेंडर की मदद से शवों को बरामद किया। पानी की गहराई लगभग 18 फीट थी और शवों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### निजी अस्पताल में 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

**कोसली,11 जून।** हरियाणा के एक निजी अस्पताल में 10 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास के मामले में 27 वर्षीय कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 10 जून 2025 को हुई, जब बच्ची की मां, जो उसी अस्पताल में काम करती है, उसे साथ ले गई थी। सुबह करीब 8 बजे, बच्ची पहली मंजिल पर खेल रही थी, जबकि उसकी मां नीचे मरीजों की देखभाल में व्यस्त थी। आरोपी, जो कोसली खंड के एक गांव का निवासी है, ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की और उसके मुंह में कागज ठूंसकर आवाज दबाने की कोशिश की।एक महिला डॉक्टर ने आरोपी को मौके पर पकड़ और बच्ची को सुरक्षित निकाला। अस्पताल प्रबंधन और पुलिस को सूचित करने के बाद, कोसली थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया।



















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)